**खास बात**

*जो अपने समय का सबसे अधिक दुरुपयोग करते हैं, वे ही समय की कमी की सबसे अधिक शिकायत करते हैं।*

*-ब्रूयर*

।।श्री हरि शरणम्।।

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 13 अंक - 296

रायसेन

शनिवार, 25 अप्रैल 2026

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

**रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित**




**कोलकाता ।** पीएम मोदी ने हुगली नदी में नाव की सवारी की :नाव चलाने वाले को गले लगाया, रु.1000 दिए ।5 दिन पहले झालमुड़ी खाई थी।

## ‘दीदी जाने वाली हैं, बीजेपी आने वाली है’

# अमित शाह का दावा, पहले चरण की 152 सीटों में से 110 सीटें जीतेगी पार्टी

**कोलकाता ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने जा रही है। कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमित शाह ने कहा कि 152 सीटों में से भाजपा 110 से अधिक सीटें जीतेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भाजपा की बंगाल टीम ने अपना आकलन किया है। इसके आधार पर वे कह सकते हैं कि 152 सीटों में से भाजपा के 110 से अधिक सीटें जीतने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण को भी ध्यान में रखते हुए भाजपा बंगाल में सरकार बनाने जा रही है।

बंगाल में रिकॉर्ड मतदान को लेकर अमित शाह ने कहा कि गुरुवार को बंगाल विधानसभा 2026 के चुनाव के प्रथम चरण में मतदान के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए बंगाल की जनता ने अभूतपूर्व उत्साह और जोश के साथ बंगाल में परिवर्तन के लिए वोट डाला है। उन्होंने कहा, ‘मतदान का जो प्रतिशत सामने आया है, वो पूरे देश के लोकतंत्र में भरोसा करने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाने वाला है। मैं प्रथम चरण में वोट डालने वाले बंगाल के सभी मतदाताओं का अभिनंदन और धन्यवाद करना चाहता हूं कि आपने भय से भरोसे की यात्रा को बहुत अच्छे से शुरू किया है और दूसरे चरण के मतदाता भी भय से भरोसे की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे।‘



बंगाल की जनता के नाम संदेश में अमित साह ने कहा, ‘देश का एक बहुत बड़ा हिस्सा पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की यात्रा से जुड़ चुका है। आपका प्यार, आपका उत्साह और आपका भरोसा, पूरे प्रचार अभियान में नरेंद्र मोदी जी के लिए सामने से दिखाई दे रहा है। मैं मानता हूं कि ये भरोसा वोट में परिवर्तित होकर भाजपा की विजय कराएगा।‘

अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, ‘जिस राज्य में मुख्यमंत्री यह कहती हैं कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद बाहर निकलने की कोई जरूरत नहीं है, वहां उन्हें सत्ता में नहीं होना चाहिए। भाजपा की सरकार बनने के बाद, रात के 1 बजे भी एक युवा लड़की बेझिझक अपना स्कूटर चला पाएगी और किसी भी अपराधी की हिम्मत नहीं होगी कि वह उसे बुरी नजर से देखे।‘

उन्होंने आगे कहा, ‘एक प्रतीकात्मक कदम के तौर पर, आरजी कर की पीड़ित की मां और संदेशखाली की पीड़ित को उम्मीदवार बनाया गया है। जिन लोगों ने टीएमसी-समर्थित गुंडों की हिंसा का सामना किया है, वे अब विधानसभा में बैठेंगे और ऐसे अपराधों के खिलाफ सख्त कानून बनाने में मदद करेंगे। आने वाले दिनों में बंगाल इसी तरह का बदलाव देखेगा।‘

दूसरे चरण की वोटिंग से पहले अमित शाह ने मतदाताओं से कहा कि वे भयमुक्त होकर अपनी इच्छा से मतदान करें। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ‘मतदान में रैगिंग न हो, इसकी बहुत अच्छी व्यवस्था चुनाव आयोग ने की है।

## पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट ने शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी से जुड़े मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस पार्थिव ज्योति सैकिया ने कहा कि खेड़ा ने रिनिकी भुइयां शर्मा पर आरोप लगाने के लिए जिन दस्तावेजों को आधार बनाया है, पुलिस के मुताबिक वे पहले ही फर्जी साबित हो चुके हैं। कोर्ट ने कहा कि खेड़ा यह साबित नहीं कर पाए कि रिनिकी के पास कई देशों के पासपोर्ट हैं या उन्होंने अमेरिका में कंपनी बनाकर निवेश किया है। पहली नजर में ये फर्जी दस्तावेज रखने का केस बनता है। इसलिए पुलिस को जांच के लिए हिरासत में पूछताछ जरूरी है। खेड़ा ने 5 अप्रैल को आरोप लगाया था कि असम ष्टरूसरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास कई देशों के पासपोर्ट हैं और विदेश में अघोषित संपत्ति है।

## सीएम बोले- अब हर किसान बेच सकेगा अपनी उपज

# मप्र में हफ्ते में 6 दिन होगी गेहूं खरीदी, 9 मई तक करा सकेंगे स्लॉट बुकिंग

**भोपाल ■ विप्र**





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रदेश के किसानों को संबोधित किया। उन्होंने गेहूं उपार्जन को लेकर बड़े फैसलों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने गेहूं खरीदी का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। रिकॉर्ड उत्पादन को देखते हुए लिया गया यह फैसला छोटे, मध्यम और बड़े सभी किसानों को अपनी उपज बेचने का अवसर देगा। सीएम ने कहा कि अब गेहूं खरीदी सप्ताह में 6 दिन होगी और शनिवार को भी उपार्जन केंद्र खुले रहेंगे।

किसानों की सुविधा के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तारीख 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है। प्रदेशभर के किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग भी पूरी तरह खोल दी गई है, ताकि कोई भी किसान गेहूं बेचने से वंचित न रहे।

**100 किलो की कैप हटाने पर भी विचार:** सरकार स्लॉट बुकिंग की अधिकतम सीमा को हटाने पर भी विचार कर रही है। फिलहाल एक किसान एक बार में अधिकतम 100 क्विंटल गेहूं बेचने के लिए स्लॉट बुक कर सकता है, लेकिन कैप हटने पर वह अपनी पूरी उपज एक ही बार में बेच सकेगा। अभी उपार्जन की मात्रा जमीन और जिले की निर्धारित उत्पादकता के आधार पर तय होती है।

सीएम ने कहा, ‘प्रदेश के विकास की नींव हमारे किसान हैं, इसलिए इस वर्ष को ‘किसान कल्याण वर्ष’ के रूप में समर्पित किया गया है।‘

**अभी ये है व्यवस्था:** अभी गेहूं उपार्जन के लिए तय व्यवस्था के अनुसार सरकार पटवारी द्वारा सत्यापित जमीन के रिकॉर्ड के आधार पर एक ‘क्विंटल प्रति हेक्टेयर’ की सीमा तय की गई है। उदाहरण के लिए, अगर आपके जिले की उत्पादकता 40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तय है। आपके पास 2 हेक्टेयर जमीन है, तो आप अधिकतम 80 क्विंटल गेहूं बेच पाएंगे।

### प्रदेश में सहकार से हो रहा है डेयरी गतिविधियों का विस्तार : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दुग्ध उत्पादन से जुड़ी गतिविधियां किसानों की आय बढ़ाने में प्रभावी रूप से सहायक है। किसानों की आय दोगुना करने के लिए किसान कल्याण वर्ष में राज्य सरकार डेयरी गतिविधियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित कर रही है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के दुग्ध संघों को दिए जा रहे सहयोग से दुग्ध संकलन में वृद्धि हुई है और किसानों को भी दूध के बेहतर दाम मिल रहे हैं। सहकार के भाव से डेयरी गतिविधियों का विस्तार किया जा रहा है।

## आम आदमी पार्टी को जोर का सियासी झटका लगा

# आप के राघव समेत सात एमपी भाजपा के साथ





**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

राघव चड्ढा ने राज्य सभा सांसद संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हमने फैसला किया है कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई सदस्य, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे।

आम आदमी पार्टी (आप) को शुक्रवार जोर का सियासी झटका लगा है। सांसद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक एक साथ आप से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने का एलान किया है। इस मौके पर राघव चड्ढा ने दावा किया कि किया कि उनके साथ सात सांसद भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इससे राज्य सभा में पूरी आप का भाजपा में विलय हो गया है। इसके बाद भाजपा के डीडीयू मार्ग स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे आप सांसदों का राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आप सांसदों का स्वागत किया। उधर, आप सांसद संजय सिंह ने इसे ऑपरेशन लोटस करार दिया है। वहीं, संयोजक अरविंद केजरीवाल का आरोप है कि भाजपा ने पंजाबियों के साथ धक्का किया है।

### मैंने अपनी जवानी के 15 साल दिए

शुक्रवार दोपहर आप के तीनों सांसदों ने नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में मीडिया से बात की। राघव चड्ढा ने कहा, आप को मैंने अपनी युवावस्था के 15 साल दिए। अब वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और बुनियादी नैतिकताओं से पूरी तरह भटक गई है। अब यह पार्टी देश या राष्ट्रीय हित के लिए काम नहीं कर रही है, बल्कि निजी स्वार्थ के लिए काम कर रही है।

**मैं सही आदमी, गलती पार्टी में:** बकौल राघव चड्ढा, आप में से कई लोग पिछले कुछ वर्षों से मुझसे यह कहते आ रहे हैं, और मैंने भी व्यक्तिगत रूप से यह महसूस किया है कि मैं सही आदमी हूं, लेकिन गलत पार्टी में हूं।

## अंतर्मना उवाच

***ज़िंदगी की बैंक में जब प्रेम और अपनत्व का बैलेंस कम हो जाता है.. तो मन की शांति और चेहरे की प्रसन्नता के चेक बाउंस होने लगते हैं..!***

*इसलिए रिश्तों में अपनों के साथ अपनापन बनाए रखें और प्रेम का मधुर स्वाद बाँटते रहें। क्योंकि* ***रिश्ते निभाते समय मुकाबला नहीं किया जाता, उन्हें महसूस किया जाता है।***



परतापुर जिला बांसबाड़ा, राजस्थान। अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज की दीक्षा स्थली परतापुर, अंतर्मना यहां ससंघ विराजमान है।

***आपने ध्यान दिया होगा*** *– अक्सर महिलाओं की प्रवृत्ति अपनी परेशानियों को व्यक्त करके मन हल्का करने की होती है, जबकि पुरुष का मन समाधान खोजने में लग जाता है। इसलिए जब भी रिश्तों में अपनों की बात सुनें, तो सिर्फ ध्यान से सुनें, बीच-बीच में ‘हाँ‘, ‘हूँ’ जैसे संकेत देते रहें, और कभी-कभी छोटे-छोटे वाक्यों से यह जताएँ कि आप समझ रहे हैं।* ***हर बात का तुरंत समाधान देने की आवश्यकता नहीं होती,*** *क्योंकि कई बार सामने वाला समाधान नहीं, समझ और साथ चाहता है।*

*सब बातों का सार यही है –*

***चाहे रिश्ते घर-परिवार के हों, पति-पत्नी के हों, भाई-बहन, मित्र, गुरु-शिष्य या भक्त-भगवान के हों..***

***रिश्तों की सफलता सही साथी चुनने से नहीं, बल्कि स्वयं अच्छा साथी बनने से होती है...!!!***

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

## उड़ता तीर





## पीएम मोदी मप्र को देंगे 2 नई अमृत भारत की सौगात

# भोपाल-इटारसी-जबलपुर-हरदा-खंडवा के लोगों को मिलेगा विशेष लाभ

**भोपाल ■ विप्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 28 अप्रैल को मध्य प्रदेश के रेल यात्रियों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आ रहे हैं। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश की अत्याधुनिक और किफायती ‘अमृत भारत एक्सप्रेस’ की दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इनमें से एक ट्रेन बनारस से और दूसरी अयोध्या कैंट से संचालित होगी, जो मध्य प्रदेश के कई महत्वपूर्ण औद्योगिक और धार्मिक शहरों को सीधे उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से जोड़ेंगी।





पहला रूट अयोध्या कैंट से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच है, जो जबलपुर और इटारसी होकर गुजरेगा। यात्रा के दौरान प्रयागराज से चलकर यह ट्रेन मानिकपुर, सतना, जबलपुर और इटारसी जंक्शन पहुंचेगी। इसके बाद भुसावल, जलगांव और नासिक होते हुए मुंबई (LTT) तक जाएगी। इस ट्रेन के शुरू होने से जबलपुर और सतना के यात्रियों को अयोध्या और मुंबई के लिए एक तेज विकल्प मिलेगा।

**भोपाल-इटारसी को मिलेगी सीधा कनेक्टिविटी:** दूसरा रूट बनारस से हडपसर (पुणे) के बीच है। बनारस से शुरू होने वाली यह अमृत भारत एक्सप्रेस मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और इटारसी को सीधा कनेक्टिविटी देगी। बनारस और प्रयागराज के रास्ते यह ट्रेन बीना, रानी कमलापति (भोपाल), नर्मदापुरम और इटारसी पहुंचेगी। इसके बाद यह हरदा, खंडवा और भुसावल होते हुए पुणे के हडपसर स्टेशन तक जाएगी। यह ट्रेन खासतौर पर भोपाल और नर्मदापुरम के उन यात्रियों के लिए वरदान साबित होगी जो पुणे या बनारस की यात्रा करते हैं।

## ईरानी विदेश मंत्री इस्लामाबाद के दौरे पर

**वॉशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस्लामाबाद के दौरे पर रवाना हो गए हैं। वे वहां पहुंचकर पाकिस्तानी अधिकारियों से बातचीत करेंगे। यह बैठक अमेरिका और ईरान के बीच संभावित वार्ता की तैयारी के तौर पर देखी जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में अमेरिका शामिल नहीं होगा। इससे पहले अराघची ने आज दोपहर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार से अलग-अलग बातचीत की। इसमें अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर बनाए रखने पर चर्चा हुई। पाकिस्तान इस पूरे मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है और उसे उम्मीद है कि इस बैठक के बाद अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत का रास्ता खुल सकता है।

## भोपाल में अब देर रात तक नहीं खुलेंगी दुकानें, तय समय पर ही होंगी बंद: पुलिस कमिश्नर

**भोपाल ■ विप्र**



राजधानी भोपाल में अब दुकानें देर रात तक खुली नहीं रह सकेंगी। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने स्पष्ट किया है कि सभी दुकानें निर्धारित समय के अनुसार ही बंद की जाएंगी। प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और रात्रिकालीन गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से लागू की जा रही है। तय समय के बाद दुकानें खुली पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पूरे भोपाल के साथ-साथ कला रोड पर भी सख्त पुलिस का पहरा रहेगा कोलार रोड भोपाल में रात्रि कालीन गश्त बढ़ा दी गई है गुंडे बदमाशों पर भारी नजर रखी जा रही है आसामाजिक तत्वों की धर पकड़ जारी रहेगी किसी भी प्रकार की संदीप्त गतिविधि होने पर तत्काल 112 पर कॉल करें अब दुकान रात 11:00 बजे तक सभी दुकानें बंद होगी सभी व्यापारी बंधुओ को शासन के नियम का समय का पालन करना होगा आपके आसपास कोई असामाजिक तत्व नजर आता है तो उसकी सूचना तत्काल 112 को दें देश के जागरूक नागरिक बने अपने अधिकारों को पहचाने पुलिस आपकी सहायता के लिए है।

## आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का बड़ा बयान

# कहा- मुस्लिम समाज हमारे अपने, हिंदू ही थे इनके पूर्वज

**वाशिंगटन ■ एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारतीय मुसलमानों को लेकर बड़ी बात कही है। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में जब उनसे मुस्लिम समुदाय के प्रति संघ के दृष्टिकोण पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बहुत ही बेबाकी से अपनी बात रखी। होसबोले ने कहा कि भारत के 99.99 फीसदी मुसलमानों के पूर्वज हिंदू ही थे और वे इसी देश की मिट्टी की संतान हैं।



**होसबाले ने क्या-क्या कहा?** होसबाले ने कहा कि केवल पूजा पद्धति बदल लेने से किसी व्यक्ति की राष्ट्रीयता या उसके पूर्वज नहीं बदल जाते। उन्होंने कहा, ‘भारतीय मुसलमानों के पूर्वज भारतीय ही थे और वे हिंदू थे। इसलिए, भारत के लगभग सभी मुसलमान हिंदू मूल के ही वंशज हैं। हमारा यह मानना है कि वे हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं।’ उन्होंने समझाया कि भले ही समय के साथ उनके धर्म या इबादत करने के तरीकों में बदलाव आया हो, लेकिन उनकी सभ्यता की जड़ें और उनकी राष्ट्रीय पहचान आज भी वही है जो सदियों पहले थी। संघ इसी विचार को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है।

आरएसएस के वरिष्ठ नेता ने जानकारी दी कि पिछले कुछ वर्षों से संघ ने इस दिशा में सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, ‘पिछले कुछ वर्षों में आरएसएस ने मुस्लिम समुदाय के प्रमुखों और बौद्धिक नेतृत्व के साथ संवाद की प्रक्रिया शुरू की है।

### ’चालबाजियों से समुदाय के बीच पैदा हुआ तनाव’

उन्होंने कहा कि कुछ विशेष प्रकार की चालबाजियों और राजनीतिक हितों के कारण समय-समय पर समुदायों के बीच तनाव पैदा हुए हैं। होसबाले का मानना है कि इन गलतफहमियों को दूर करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मुस्लिम नेतृत्व के साथ एक निरंतर और व्यापक संवाद की आवश्यकता है।

## कांग्रेस का 25 घंटे का उपवास खत्म

# पीसीसी चीफ ने जूस पिलाकर तुड़वाया अनशन, गेहूं खरीदी पर सरकार को घेरा

**भोपाल।** भोपाल में 25 घंटे तक चला कांग्रेस के सेवादल का उपवास खत्म हो गया, लेकिन गेहूं खरीदी को लेकर सियासत और तेज हो गई है। जीतू पटवारी ने सरकार पर किसानों के हितों की अनदेखी के आरोप लगाते हुए बड़ा मुद्दा खड़ा कर दिया है।



मध्य प्रदेश में गेहूं उपार्जन को लेकर सियासी माहौल गरमाता जा रहा है। राजधानी भोपाल में कांग्रेस के सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा 25 घंटे का उपवास शुक्रवार को खत्म हुआ। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी खुद मौके पर पहुंचे और सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव समेत अन्य कार्यकर्ताओं को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया।

## ग्वालियर में बैंड-बाजों और भजनों के साथ निकली कलश यात्रा

# सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल; 29 अप्रैल तक द्वारिकाधीश मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा

**ग्वालियर ■ निसं**

ग्वालियर के उपनगर मुरार स्थित गेरूवाला बंगला से आज श्रीमद् भागवत कथा के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 400 से 500 लोग बैंड-बाजों के साथ शामिल हुए। भजनों की धुन पर नाचते-गाते करीब एक सैकड़ा महिलाएं सिर पर कलश रखकर आगे चल रही थीं।



कलश यात्रा दोपहर 12 बजे गेरूवाला बंगला से शुरू होकर थाटीपुर स्थित द्वारिकाधीश मंदिर पहुंची। यहां आज से 29 अप्रैल तक आचार्य पंडित भानू कृष्ण शास्त्री संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। कथा के परीक्षित पंडित रामेश्वर दयाल शर्मा और उनकी धर्मपत्नी विमलेश देवी शर्मा हैं।

मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि श्रीधाम वृंदावन से आए कथा व्यास आचार्य पंडित भानू कृष्ण शास्त्री के मार्गदर्शन में कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं विशेष आकर्षण रहीं।

**जगह-जगह हुआ स्वागत:** कलश यात्रा जैसे ही मुरार के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरी, लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। यात्रा में बग्गी और बैंड-बाजे शामिल रहे। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं, जबकि पुरुष भजनों पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। आयोजकों ने ट्रैफिक व्यवस्था का भी ध्यान रखा, जिससे कहीं जाम की स्थिति नहीं बनी।

### सात दिन चलेगी संगीतमय कथा

थाटीपुर के द्वारिकाधीश मंदिर में 29 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा वाचन आचार्य पंडित भानू कृष्ण शास्त्री द्वारा किया जाएगा, जबकि पाठकर्ता पंडित संतोष व्यास रहेंगे।

## गैस लीकेज से धमाका, रिटायर्ड इंजीनियर की मौत

# आग में जलकर चमड़ियां उधड़ीं, पत्नी भी झुलसी, खिड़कियां-दरवाजे टूटे, दीवारों में दरारें

**ब्यावरा ■ निसं**

मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में गैस लीकेज से जोरदार धमाका हुआ। हादसे में ब्यावरा की शिवधाम कॉलोनी निवासी 85 वर्षीय रिटायर्ड इंजीनियर सुरेश सिंह भल्ला की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी पद्मावती भल्ला गंभीर रूप से झुलस गईं। अस्पताल में इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह करीब 6 बजे हुई, जब रसोई में चूल्हा जलाने की कोशिश की जा रही थी। घर में लगे गैस सिलेंडर से रातभर धीमी गति से गैस रिसती रही। बंद कमरे में गैस भरती गई, लेकिन परिवार को इसकी भनक नहीं लगी।

**लपटों से शरीर की चमड़ियां उधड़ गईं:** सुबह सुरेश सिंह भल्ला रसोई में पहुंचे। चूल्हा जलाते ही कमरे में जमा गैस ने जोरदार विस्फोट कर दिया। धमाका इतना तेज था कि वह आग की लपटों में घिरकर गंभीर रूप से झुलस गए। लपटों से उनके शरीर की चमड़ियां उधड़ गईं। धमाका इतना तेज था कि घर के खिड़की-दरवाजे टूट गए और दीवारों में दरारें पड़ गईं। आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। पड़ोसियों ने आग बुझाने और घायलों को बाहर निकालने में मदद की।

**अस्पताल ले जाते वक्त तोड़ा दम, पत्नी का इलाज जारी:** हादसे में सुरेश सिंह भल्ला करीब 80% तक झुलस गए थे। उन्हें तुरंत ब्यावरा के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया। हालांकि रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

**13 साल से ब्यावरा में रह रहा था दंपती, कोई संतान नहीं:** उनकी पत्नी पद्मावती भल्ला भी झुलसी हैं और उनका इलाज जारी है। मूल रूप से हरियाणा के पानीपत निवासी यह दंपती करीब 13 साल से ब्यावरा में रह रहा था।

## जबलपुर हाईकोर्ट से 30 हजार नर्सिंग छात्रों को झटका

# कोर्ट का आदेश- बिना अनुमति नहीं होंगी परीक्षाएं; 28 अप्रैल से आयोजित थी परीक्षाएं

**जबलपुर ■ निसं**

मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज मान्यता फर्जीवाड़े मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। एमपी हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस अविनेंद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने कहा कि बिना हाईकोर्ट की अनुमति के परीक्षाएं नहीं होगी।

आगामी परीक्षाओं के लिए नर्सिंग काउंसिल को अनुमति लेनी होगी। साथ ही अपात्र कॉलेजों के छात्रों को पात्र कॉलेजों में ट्रांसफर किए जाए। बता दें, 28 अप्रैल से परीक्षाएं आयोजित की गई थी। इससे पहले हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने जांच की तो पाया कि 800 में से 600 कॉलेज अपात्र थे। कोर्ट का यह फैसला प्रदेश के 30 हजार से ज्यादा नर्सिंग छात्रों के लिए झटका है।

**परीक्षाओं के लिए हाईकोर्ट की अनुमति जरूरी:** लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन की जनहित याचिका में मध्य प्रदेश में 2020-21 में खुले सैकड़ों फर्जी नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। जिसमें बताया गया कि हाईकोर्ट की सख्ती के बाद हुई सीबीआई जांच में लगभग 800 नर्सिंग कॉलेजों में से करीब 600 कॉलेज अनुपयुक्त या कमियों से भरे पाए गए थे।

इन संस्थानों में भवन, लैब, लाइब्रेरी,



अनुभवी शिक्षक और 100 बिस्तरों वाले अस्पताल जैसी अनिवार्य सुविधाओं की भारी कमी पाई गई थी। कई कॉलेज केवल कागजों पर चल रहे थे और कई प्रिंसिपल और शिक्षक 15-15 कॉलेजों में एक साथ कार्यरत दर्शाए गए थे।

### अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी

हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के बाद एमपीएनआरसी की अंडरटेकिंग रिकार्ड पर लेकर आदेश दिए हैं कि हाईकोर्ट की अनुमति के बगैर कोई भी परीक्षाओं का आयोजन नहीं होगा, मामले की सुनवाई पुन: 28 अप्रैल को चीफ जस्टिस की अगुआई वाली युगलपीठ में होगी, अब नर्सिंग कॉलेजों की प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए एमपी नर्सिंग काउंसिल को आवेदन पेश कर हाईकोर्ट से अनुमति लेनी होगी, इसी आधार नर्सिंग कॉलेजों की परिक्षाओं पर निर्णय होगा।

### अपात्र को सूटेबल कॉलेज में करना था ट्रांसफर

मामले में याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने आवेदन पेश कर आरोप लगाया था कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले कागजी /अमानक कालेजों में जीएनएम कोर्स संचालित करने वाले जो 117 नर्सिंग कॉलेज सीबीआई जांच में अपात्र पाए गए थे। अब एमपी नर्सिंग काउंसिल उनके छात्रों को सूटेबल कॉलेजों में ट्रांसफर करने के स्थान पर उन कॉलेजों की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं ले रहा है, जो 28 अप्रैल से प्रस्तावित है।

## ट्रेन के इंजन से डीजल चुराने वाले पकड़ाए

# जबलपुर में 5 आरोपियों से 200 लीटर डीजल बरामद; लोको से निकालकर बेचा था

**जबलपुर ■ निसं**

अभी तक चोर ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के समानों को निशाना बन रहे थे। हद तब हो गई जब इन्होंने सीधे-सीधे इंजन को ही टारगेट कर लिया। जबलपुर में 2 दिन पहले शहपुरा, भिटौनी रेलवे स्टेशन के पास खड़े लोको से डीजल चोरी हो गया था।

मामले की शिकायत मिलने पर जबलपुर आरपीएफ की टीम ने गुरुवार रात को 5 चोरों को पकड़ा है। इन्होंने यार्ड में खड़े लोको से करीब 200 लीटर डीजल चोरी किया था। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि 20 से 23 अप्रैल के बीच भिटौनी रेलवे स्टेशन के ए एडं डी साइडिंग पर खड़े डीजल लोको (12510) से अज्ञात लोगों ने डीजल चोरी किया है। मुखबिरों को शहपुरा और आसपास के इलाकों में पता करने के लिए लगाया। पता चला कि पाटन के पास एक कार में कुछ लोगों डीजल से भरे डिब्बे लेकर घूम रहे थे। आरपीएफ की टीम अलर्ट हुई और 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये भिटौनी और पाटन के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से मौके से 45 लीटर डीजल बरामद किया है।

# क्षेत्रीय विधायक तनवे ग्राम जसवाड़ी के हायर सेकेंडरी स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम शामिल हुई



**खंडवा ■ निसं**

आज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जसवाड़ी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में विधायक कंचन मुकेश तनवे शामिल हुई इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपने गांधी जी के तीन बंदरों के बारे में तो सुना ही होगा, लेकिन आज के युग का चौथा बंदर मोबाइल है। इससे जितना दूर रह सकें, उतना बेहतर है। यदि मोबाइल का उपयोग करें, तो केवल अपनी पढ़ाई और ज्ञानवर्धन के लिए करें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ें, आगे बढ़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। बाकी जिम्मेदारियों का निर्वहन हम करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा के प्रति समर्पण और आत्मनिर्भरता की दिशा में इस प्रकार की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी छात्र-छात्राओं को उन्होंने शुभकामनाएं और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं।

इसी क्रम में विधायक तनवे ग्राम अमलपुरा स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की और बच्चों से संवाद करते हुए पूछा कि क्या वे साइकिल चलाना जानते हैं, क्योंकि बिना सीखे साइकिल का कोई लाभ नहीं है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

विधायक तनवे ने कहा कि शिक्षा ही प्रगति का सशक्त माध्यम है। बेटियों और बेटों को समान अवसर देकर हम एक मजबूत समाज और विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में मंडल प्रभारी तपन डोंगरे, हरीश कोटवाले, राजपाल सिंह चौहान, विद्यालय के शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ब्रेकडाउन में खंडवा को अतिशीघ्र विद्युत आपूर्ति रिस्टोर कराने वाले

# एम पी ट्रांसको के अर्जुन कारले एवं आउटसोर्स कर्मी शिवपाल निकुम पुरस्कृत

**खंडवा ■ निसं**

मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) छैगांव में पदस्थ ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस स्टाफ अर्जुन कारले एवं आउटसोर्स कर्मी शिवपाल निकुम को उनके उत्कृष्ट एवं असाधारण कार्य निष्पादन के लिए मुख्यालय जबलपुर में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि दीपावली के दिन 220 केवी छैगांव-खंडवा सर्किट क्रमांक-2 में अचानक ब्रेकडाउन हो गया था, जिसके कारण त्यौहार के अवसर पर खंडवा की विद्युत आपूर्ति बाधित होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए









लाइन स्टाफ अर्जुन कालरे एवं आउटसोर्स कर्मी शिवपाल निकुम ने तत्परता और दक्षता का परिचय देते हुए फेल हुई डिस्क इंसुलेटर को मात्र 1 घंटे 26 मिनट में बदलकर ब्रेकडाउन को शीघ्रता से दुरुस्त किया। दोनों के इस उल्लेखनीय प्रयास से लाइन को न्यूनतम संभव समय में पुन: ऊर्जीकृत किया जा सका और खंडवा क्षेत्र में दीपावली के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनी रही। उनके इस सराहनीय एवं उल्लेखनीय कार्य के लिए मुख्यालय जबलपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एवं ट्रांसमिशन लाइन विशेषज्ञ श्री एन. जी. टिकेकर, प्रबंध संचालक सुनील तिवारी एवं मुख्य अभियंता डीके अग्रवाल ने उन्हें सिल्वर मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### विश्व मलेरिया दिवस पर डेंगू एवं मलेरिया नियंत्रण के लिए भैरूंदा में बैठक आयोजित

**सीहोर।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों को गति देने के लिए भैरूंदा सिविल अस्पताल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेंगू प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू की रोकथाम करना और स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाना था। बैठक के दौरान मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण, स्वच्छता अभियान सहित अनेक बिंदुओं पर विसतार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती क्षमा बर्वे ने तकनीकी बारीकियों को साझा करते हुए बताया कि डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं, इसलिए घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। सरपंच और सचिव अपने स्तर पर ग्रामीणों को 'हर रविवार-डेंगू पर वार' जैसे जागरूकता अभियानों से जोड़ें।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**सीहोर ■ निसं**

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जिला न्यायालय स्थित जिला अभिभाषक संघ सभागृह में बैठक एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई और प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में अधिवक्ताओं का अहम योगदान रहता है, क्योंकि पक्षकार अपने अधिवक्ता की बात पर अधिक विश्वास करता है। नेशनल लोक अदालत में त्वरित निराकरण से पक्षकारों का विश्वास बढ़ता है। सभी को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण का विकल्प





अपनाना चाहिए एवं पक्षकारों को लाभांवित करना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री वैभव मंडलोई ने कहा कि नेशनल लोक अदालत एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमे प्रकरण की कोई अपील नहीं होती है और इसमें पक्षकार के विवाद का हमेशा के लिए अंत हो जाता है। इसके माध्यम से कई परिवार बर्बाद होने से बच जाते है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह द्वारा नेशनल लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये अधिक से अधिक पक्षकारों विशेष रूप से वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक इसका लाभ पहुंचाने का आह्वान किया गया। साथ ही नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों एवं जलकर, सम्पत्तिकर के प्रकरणों में घोषित छूट एवं नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य ट्रेफिक चालान एवं राजस्व प्रकरणों के रखे जाने के बारे में जानकारी देते हुय अधिक से अधिक निराकरण कर लाभ उठाने की अपील की गई।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में हुई स्वास्थ्य जांच

# बालिकाओं और महिलाओं के रक्त में पर्याप्त हीमोग्लोबीन आवश्यक - डॉ मंडलोई

### कन्या महाविद्यालय के शिविर में 142 का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**खंडवा ■ निसं**

बालिकाओं और महिलाओं के रक्त में पर्याप्त हीमोग्लोबीन होना आवश्यक है,हीमोग्लोबीन की कमी कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है इसलिए समय समय पर हीमोग्लोबीन की जाँच अवश्य करवाना चाहिए ,ये बात डॉ सीमा मंडलोई ने बुधवार को नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य जाँच शिविर में कही। ये शिविर माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय



खंडवा की युवा रेडक्रॉस इकाई द्वारा आयोजित किया गया था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय जैन के अनुसार मध्यप्रदेश शासन और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर स्वास्थ्य जाँच शिविर में एक सौ बयालीस छात्राओं और प्राध्यापकों की स्वास्थ्य जाँच की गई। इस अवसर पर श्री दादाजी धूनीवाले शासकीय ज़िला चिकित्सालय खंडवा के चिकित्सकीय दल द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं, समस्त प्राध्यापकों और कार्यालयीन कर्मचारियों की हीमोग्लोबिन रक्तचाप और मधुमेह सहित अन्य जॉच की गई।

स्वास्थ्य विभाग के दल में डॉ संजय वास्कले डॉक्टर निधि पटेल, श्रीमती कविता पवार, कृष्णा गौरव , जाहिद खान ,श्रीमती किरण कहार ,श्रीमती लीला पाटिल , ने श्रीमती कुलसुम खान श्रीमती सीमा बदानेकर श्री सालिकराम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में महाविद्यालय के 52 सदस्यों ने और 90 छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य संबंधी जांच करवाई और परीक्षण के पश्चात उपचार हेतु आवश्यक दवाई गोली भी निशुल्क प्राप्त की। इस जांच का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य की जानकारी उपलब्ध करवाना एवं एनीमिया सिकल सेल जैसी गंभीर समस्याओं के प्रति जागरूक कराना है। महाविद्यालय की रेड क्रॉस समिति के संयोजक और हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सीमा मंडलोई ने डॉ रश्मि कौशल जिला एवं स्वास्थ्य प्रभारी अधिकारी के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

जिन्होंने अपनी स्वास्थ्य विभाग की टीम को महाविद्यालय में सेवा देने के लिए भेजा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई प्रभारी प्रो.आरती दुबे और स्वयं सेविकाओं ने भी विशेष योगदान दिया। युवा रेड क्रॉस समिति के सदस्यों में डॉक्टर प्रियंका शेंडे एवं डॉ प्रीति चौरे ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका शेंडे ने किया और सफल आयोजन में श्री पवन एवं श्री सुनील का भी सहयोग रहा।

# घर के दरवाजे पर कपड़ों की पोटली रख लगाई आग

### घर में धुआं उठते देख परिवार के लोग जागे

**सागर ■ निसं**

सागर के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित शीतला मंदिर के पास रानीपुरा में एक मकान के दरवाजे पर कपड़ों की पोटली रखकर बदमाशों ने आग लगा दी। आग लगने से धुआं उठा। धुआं उठते देख परिवार के लोग जागे। उन्होंने दरवाजा खोला तो आग लगी थी। तत्काल पानी डालकर आग को बुझाया गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी के अनुसार, रानीपुरा में हेमंत रैकवार के मकान के दरवाजे पर अज्ञात बदमाश ने कपड़ों की पोटली रखी। उसमें आग लगा दी। आग लगने से घर का दरवाजा जल गया। घटना गुरुवार रात करीब 3 बजे की है। घटना के समय परिवार सो रहा था। आग का धुआं उठा तो परिवार के लोग जागे। समय रहते परिवार के सदस्यों ने आग बुझा ली। क्योंकि जहां आग लगी थी।

ठीक उसके बाजू में ही किचन है। उसमें गैस सिलेंडर रखा था। मामले में हेमंत रैकवार ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला जांच में लिया है। परिवार का आरोप है कि पुलिस मामले की जांच में लापरवाही कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश के दुग्ध संग्रहण केंद्रों पर लगेंगी स्मार्ट मशीनें

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दुग्ध संग्रहण व्यवस्था को पारदर्शी और हाईटेक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश के करीब 7 हजार दूध संग्रहण केंद्रों पर जल्द ऑटोमेटिक मिल्क कलेक्शन मशीनें लगाई जाएंगी, जिससे किसानों को सही भुगतान और उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाला दूध मिल सकेगा। मध्य प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए राहत भरी पहल होने जा रही है। प्रदेश के करीब 7 हजार दुग्ध संग्रहण केंद्रों पर जल्द ही अत्याधुनिक ऑटोमेटिक मिल्क कलेक्शन मशीनें स्थापित की जाएंगी। इन मशीनों के जरिए दूध के वजन और गुणवत्ता की तुरंत जांच हो सकेगी, जिससे मिलावट और गड़बड़ी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद किसानों को उनके दूध का सही मूल्य मिलेगा, वहीं उपभोक्ताओं तक बेहतर गुणवत्ता वाला दूध पहुंचाने का दावा किया जा रहा है। अभी कई स्थानों पर दूध की जांच और वजन की प्रक्रिया मैन्युअल होने के कारण विवाद और शिकायतें सामने आती रही हैं।

### राजधानी में गर्मी शुरू होते ही जल संकट ने बढ़ाई परेशानी

**भोपाल।** भोपाल में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पानी की किल्लत सामने आने लगी है। शहर के कई इलाकों में समय पर पानी नहीं मिल पा रहा, जिससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। सबसे ज्यादा असर झुग्गी बस्तियों में देखने को मिल रहा है, जहां रोजमर्रा के काम के लिए भी पानी जुटाना मुश्किल हो गया है। नगर निगम की व्यवस्था भी कमजोर नजर आ रही है। कई इलाकों में पानी के टैंकर एक दिन छोड़कर पहुंच रहे हैं और उनके आने का कोई तय समय नहीं है। ऐसे में लोग सुबह से ही बर्तन लेकर लाइन में खड़े हो जाते हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कई परिवारों को पूरा पानी नहीं मिल पाता। तेज गर्मी के बीच महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग दोपहर में टैंकर का इंतजार करते दिखाई देते हैं। झुग्गी बस्तियों में हालात और खराब हैं, क्योंकि वहां पानी का कोई स्थायी इंतजाम नहीं है। कई जगह बोरिंग बंद पड़ी हैं, जिससे लोग पूरी तरह टैंकरों पर निर्भर हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन बाद में समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता।

### केशव सिंह बघेल कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष बने

**भोपाल।** एमपी की सत्ता और बीजेपी के संगठन् में लगातार नियुक्तियों का दौर चल रहा है। आज



शुक्रवार को केशव सिंह बघेल को मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ग्वालियर के बीजेपी के सीनियर लीडर महेन्द्र सिंह यादव को अपेक्स बैंक का चेयरमेन बनाने की खबर है। यादव का नियुक्ति आदेश जल्द जारी हो सकता है। केशव सिंह बघेल वर्तमान में ग्वालियर में जिला पंचायत सदस्य हैं। इससे पहले ग्वालियर ग्रामीण में भाजपा के जिला महामंत्री रह चुके हैं। वहीं महेन्द्र सिंह यादव पहले मप्र बीज विकास निगम के अध्यक्ष रह चुके हैं। गुरुवार को पूर्व विधायक कैलाश जाटव को अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। वहीं, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष के तौर पर पूर्व विधायक रामलाल रौतेल की नियुक्ति की गई है।

### गैस रिफिलिंग-कालाबाजारी करने वालों पर FIR होगी

**भोपाल।** भोपाल में गैस सिलेंडर की रिफिलिंग और कालाबाजारी के अलग-अलग मामलों में एफआईआर की तैयारी है। खाद्य विभाग ने विभिन्न थानों में केस दर्ज करने के लिए आवेदन दिए हैं। वहीं, एक गैस एजेंसी को सस्पेंड कर दिया गया। फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि अप्रैल में टीमों ने निरीक्षण किया था। इस दौरान राजू मेवाड़ा निवासी बैरागढ़ चीचली को अवैध रूप से घरेलू गैस का भंडारण और रिफलिंग करते पाया गया था। सलमान खान निवासी जहांगीराबाद पर घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने पर कार्रवाई की गई थी। श्याम सिंह को घरेलू गैस का अवैध परिवहन किए जाने के कारण अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों का उल्लंघन होना पाया था। इस तीनों मामलों में थाने में केस दर्ज कराई जा रही है।

#### फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

# बिना नंबर की बाइक से आये नकाबपोश बदमाशों ने गोली चलाकर फैलाई दहशत

### हाई सिक्योरिटी जोन इलाके में 15 दिन में दूसरी बड़ी वारदात

भोपाल ■ निसं



शहर के श्यामलाहिल्स थाना इलाके में बुधवार देर रात बिना नंबर की बाइक से आये अज्ञात नकाबपेश बदमाशो ने एक युवक के घर के बाहर हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाते हुए फरार हो गये। बताया गया है कि बदमाशो ने पहले युवक के घर जाकर उसका नाम लेकर चिल्लाचोट की और कुछ देर बाद दो राउंड हवाई फायरिंग कर भाग गये। जिस युवक का नाम लेकर फायरिंग की गई थी। उसका एक बदमाश से कुछ दिनों से विवाद चल रहा था, वारदात से कुछ देर पहले ही वह बदमाश और युवक श्यामलाहिल्स थाने से समझौता करके निकले थे। पीड़ित युवक ने उसी बदमाश पर फायरिंग करने या अपने किसी गुर्गे से करवाने का संदेह जताया है। पुलिस को मौके से चली हुई गोली एक खोल बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आगे की जॉच शुरु कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्यामलाहिल्स थाना क्षेत्र में रहने वाला राजकुमार राजपूत प्राईवेट नौकरी करता है। राजकुमार की मां शारदा बाई राजपूत पति स्वर्गीय दयाराम राजपूत (55) किलोल पार्क के पास पेट्रोल पंप की पीछे की बस्ती में रहती है, हालांकि लगभग चार साल से राजकुमार अपनी मॉ से अलग रह रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले आकाश बाथम से किसी बात को लेकर राजकुमार का कुछ दिनो पहले विवाद हो गया था। इसके बाद आकाश और उसके साथी राजकुमार को तलाशते हुए उसकी मां के घर भी जा रहे थे। इसकी शिकायत शारदा बाई ने श्यामलाहिल्स थाने में की जिसके बाद थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने तलब किया। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे तक आकाश और राजकुमार थाने में ही मौजूद रहे और एक दूसरे से समझौता किया। थाने से निकलकर राजकुमार अपने घर पहुंचा, कुद देर बाद ही उसके घर के बाहर बाईक सवार बदमाश आये और उसका नाम लेकर हवाई फायर कर दिए। गोली चलने की सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस को घर के बाहर से गोली का एक खोखा मिला है। पुलिस का कहना है कि छानबीन के दौरान सीसीटीवी कैमरे में बिना नंबर की बाइक पर आये दो नकाबपोश बदमाशो के फुटेज मिले है, जिसके आधार पर पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी है।

गोलीकांड का घटनास्थल सीएम हाउस के नजदीक है। और इस हाई सिक्योरिटी जोन वाले इलाके में 15 दिन के भीतर यह दूसरी गंभीर वारदात हुई है। इससे पहले 10 अप्रैल को डाक्टर मनोज वर्मा से लूटपाट की घटना हुई थी।

#### पुराने परिसीमन पर ही होंगे निकाय और पंचायत चुनाव!

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू, फोटोयुक्त मतदाता सूची का हो रहा पुनरीक्षण

भोपाल ■ निसं

मप्र में 2027 में होने वाले नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। एक जनवरी 2026 को संदर्भ तारीख मानकर यह पुनरीक्षण किया जाएगा। यह इस बात का संकेत है कि राज्य निर्वाचन आयोग इन चुनावों के लिए परिसीमन नहीं कराएगा। यानी आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पुराने परिसीमन (वर्ष 2022) पर ही होंगे।

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 27 अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर आम नागरिकों के दावे और आपत्तियां 25 मई तक स्वीकार की जाएंगी। प्राप्त सभी दावों-आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक कर दिया जाएगा।




अंत में, फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून को होगा। यह पुनरीक्षण कार्यक्रम मतदाता सूची को अपडेट और शुद्ध रखने के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें नए मतदाताओं का नाम जुड़ना, पुराने नाम हटना, नाम, पते, फोटो में सुधार जैसी प्रक्रियाएं शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**नए आयोग का गठन ठंडे बस्ते में:** राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले साल होने वाले चुनाव से पहले नगरीय निकायों और पंचायतों की सीमाओं का नए सिरे से परिसीमन करने का निर्णय लिया था। राज्य निर्वाचन आयोग ने जुलाई, 2025 में राज्य शासन को एक प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव में नगरीय निकायों एवं पंचायतों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के लिए नए परिसीमन आयोग के गठन की सिफारिश की गई थी। राज्य निर्वाचन आयोग को उम्मीद थी कि सरकार जल्द आयोग का गठन कर देगी, जिससे प्रशासनिक इकाइयां फ्रीज होने से पूर्व नगरीय निकायों और पंचायतों के परिसीमन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। सरकार को प्रस्ताव भेजने के नौ महीने बीतने के बाद भी परिसीमन आयोग के गठन के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नए परिसीमन आयोग के गठन संबंधी प्रस्ताव मंत्रालय में धूल खा रही है। इस बीच गत 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से प्रशासनिक इकाइयां फ्रीज हो चुकी हैं, इस कारण जनगणना का कार्य पूरा होने तक नगरीय निकायों और पंचायतों के परिसीमन का कार्य नहीं किया जा सकेगा। बता दें कि इससे पूर्व प्रदेश में जुलाई-अगस्त, 2022 में नगरीय निकाय और पंचायत्त चुनाव कराए गए थे।

**परिसीमन इसलिए जरूरी, यह होता असर:** राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों का कहना है कि पंचायतों और नगरीय निकायों में हर पांच वर्ष में चुनाव होना अनिवार्य है। राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव कराने से पहले परिसीमन पूरा करना होता है, ताकि प्रत्येक इकाई संविधान द्वारा निर्धारित मानकों, जैसे-आबादी, मतदान अधिकार आदि को पूरा करे।

#### पंचायत चुनाव के कारण प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज

प्रदेश में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जून, 2027 में प्रस्तावित हैं। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक प्रदेश में नगरीय निकास और पंचायत चुनाव पुराने परिसीमन के आधार पर कराए जाएंगे। इसकी वजह यह है कि देश में जनगणना के चलते गत 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज कर दी गई हैं। अब जनगणना पूरी होने तक नए जिले, तहसील का गठन और किसी तरह का सीमा परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में घरों की लिस्टिंग और आवास गणना अप्रैल से सितंबर, के बीच होगी। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना फरवरी, 2027 में की जाएगी।

### गोलीकांड और गोकशी का फरार इनाम बदमाश लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार



भोपाल ■ निसं

ऐशबाग पुलिस ने ईंटखेड़ी थाना इलाके में हुए गोलीकांड और ऐशबाग क्षेत्र में गोकशी के मामले में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी बदमाश को लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना पुलिस के अनुसार कम्मू का बाग में रहने वाला गुराज उर्फ शारिक खान पिता जाहिद खान (32) थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। उसके खिलाफ ईंटखेड़ी में गोली चलाने के मामले सहित शहर के अलग-अलग थानो में दर्जन भर से अधिक अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा गोकशी के मामले में वह करीब सालभर से फरार चल रहा था। बीते दिन टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से जानलेवा हथियार लेकर सोनिया गांधी कॉलोनी में घूम रहा है। खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से एक पिस्टल और कारतूस मिला।

इस घटना में दानिश के पैर और पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, वहीं उसकी पत्नी रिमशा के हाथ में चाकू लगा था।

#### ईंटखेड़ी इलाके में शादी से लौट रहे दंपती पर चलाई थी गोलियां

थाना पुलिस के अनुसार 18 अगस्त, 2025 को दर्ज गोकशी के मामले में आरोपी रुसी खॉन और जब्बार को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। वहीं गुराज और अमन फरार चल रहे थे। उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था। कम्मू का बाग में रहने वाले गुराज उर्फ शारिक खान के घर पर रिमशा और उसके बदमाश पति दानिश अली ने एक महीना पहले गोली चलाकर सनसनी फैला दी थी। दरअसल, दिसंबर 2025 में गुराज उर्फ शारिक खान ने अपने साथियो के साथ मिलकर दानिश और उसके पति पर ईटखेड़ी इलाके में शादी समारोह से लौटते समय गोलियां चलाई थी।

#### एम्स भोपाल की बड़ी उपलब्धि

# अलग ब्लड ग्रुप के बीच पहली बार सफल किडनी ट्रांसप्लांट

भोपाल ■ निसं

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल ने चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार एबीओ-इनकम्पैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक कर दिखाया है। इस जटिल प्रक्रिया में अलग-अलग ब्लड ग्रुप के बावजूद पिता ने अपने बेटे को किडनी दान कर नई जिंदगी दी। इस सफलता के बाद अब ऐसे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें ब्लड ग्रुप मैच न होने के कारण ट्रांसप्लांट में दिक्कत आती थी। यह तकनीक न सिर्फ डोनर की उपलब्धता बढ़ाएगी, बल्कि मरीजों का इंतजार भी कम करेगी। इस ट्रांसप्लांट में 47 वर्षीय पिता (एबी पॉजिटिव) ने अपने 22 वर्षीय पुत्र (ए पॉजिटिव) को किडनी डोनेट की। सामान्य तौर पर अलग ब्लड ग्रुप होने पर शरीर नई किडनी को स्वीकार नहीं करता, लेकिन आधुनिक तकनीकों और विशेष




इलाज पद्धति से इस जोखिम को काफी हद तक कम किया गया।

**पहली बार हुआ ऐसा जटिल ट्रांसप्लांट:** एम्स भोपाल में यह पहली बार हुआ है जब एबीओ-इनकम्पैटिबल यानी अलग ब्लड ग्रुप के बीच किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। यह उपलब्धि उन मरीजों के लिए बड़ी राहत है, जिन्हें परिवार में मैचिंग डोनर नहीं मिल पाता। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत में इस तरह के ट्रांसप्लांट कुल जीवित डोनर किडनी प्रत्यारोपण का केवल 5 से 10 प्रतिशत ही होते हैं। यह प्रक्रिया तकनीकी रूप से बेहद जटिल और संसाधनों की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होती है। यह सफलता एम्स भोपाल में किया गया 20वां किडनी ट्रांसप्लांट भी है, जो संस्थान की बढ़ती चिकित्सा क्षमता और विशेषज्ञता को दर्शाता है। इस ऑपरेशन को नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, एनेस्थीसिया, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन समेत कई विभागों की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया।

#### हिंदू उत्सव समिति ने परमाली फैक्ट्री पर किया प्रदर्शन

# एक और निजी कंपनी में धार्मिक प्रतीकों पर प्रतिबंध को लेकर मचा बवाल

### कर्मचारियों के समर्थन में तिलक लगायाकलावा बांधा, एफआईआर की मांग

भोपाल ■ निसं

एमपी नगर इलाके के मैदा मील पर स्थित परमाली फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों पर बिंदी, तिलक और सिंदूर लगाने पर प्रतिबंध लगाने को लेकर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ फैक्ट्री फैक्ट्री पहुंचे। वहां उन्होंने कर्मचारियों के समर्थन में तिलक लगाया और कलावा बांधा। इससे पहले समिति के कार्यकर्ता बीडीए कार्यालय पर एकत्रित हुए और प्रदर्शन करते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने आरोप लगाया कि कंपनी ने नोटिस जारी कर कर्मचारियों के तिलक, बिंदी, मंगलसूत्र जैसे अन्य धार्मिक प्रतीक पहनकर आने पर प्रतिबंध लगाने का



निर्देश जारी किया है। उन्होंने इसे धार्मिक आस्था और परंपराओं पर आघात बताते हुए कहा कि इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक कर्मचारी ने दावा किया कि जब वह कलावा और तिलक लगाकर फैक्ट्री पहुंचा, तो उसे बाहर कर दिया गया। इससे कर्मचारियों में नाराजगी का माहौल है। विवाद बढ़ता देख फैक्ट्री मैनेजर ने कहा की यह सर्कुलर कंपनी की ओर से जारी किया गया था। उनका कहना है कि इन वस्तुओं के उपयोग से प्रोडक्ट रिजेक्ट होने की संभावना रहती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि समिति की मांग पर विचार किया जाएगा और नोटिस वापस लेने की कोशिश की जाएगी। वहीं हिंदू उत्सव समिति ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की मांग करने के साथ ही कंपनी के उत्पादों के बहिष्कार की अपील भी की गई है। इस दौरान फैक्ट्री के बाहर सुरक्षा के इंतेजाम किये गये थे।

#### भोपाल जोन की सभी ब्रांचों के साथ बैरागढ़ बांच में जोनल इंचार्ज जी की हुजूरी में सम्पन्न हुआ मानव एकता दिवस

# करुणा प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव उत्सव - मानव एकता दिवस

भोपाल ■ निसं

जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना, जहाँ 'मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा' का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ।

'मानव एकता दिवस' 24 अप्रैल को, बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा जी



महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं.8 के साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और निष्काम सेवा का जीवंत स्वरूप बनकर उभरा। मानव एकता दिवस भोपाल जोन सभी ब्रांचों सहित बैरागढ़ ब्रांच में जोनल इंचार्ज श्री अशोक जुनेजा की हुजूरी में सम्पन्न हुआ । इस दौरान बैरागढ़ ब्रांच संयोजक श्री महेश वीधानी, संचालक श्री अशोक नाथानी, सभी सेवादल के भाई-बहनों सहित बड़ी संख्यार में साध संगत उपस्थित थी।

यह पावन दिवस बाबा गुरबचन सिंह जी एवं चाचा प्रताप सिंह जी की दिव्य स्मृति को समर्पित है, जिनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, समर्पण और नि:स्वार्थ सेवा की अद्वितीय मिसाल रहा है। उन्होंने अपने आचरण और विचारों के माध्यम से मानवता को प्रेम, विनम्रता और परोपकार का सच्चा मार्ग दिखाया। उनके दिव्य आदर्श आज भी प्रत्येक हृदय में सेवा, भक्ति और एकत्व की ज्योति प्रज्वलित करते हैं, और मानव मात्र को यह प्रेरणा देते हैं कि सच्ची साधना केवल शब्दों में नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा, करुणा और आपसी भाईचारे के भाव में निहित हैं।

संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि समूचे भारतवर्ष के लगभग 200 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया; जिससे लगभग 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया गया, जो निष्काम सेवा, परोपकार और मानवता के प्रति समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में यह मानव एकता दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जो करुणा और एकत्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ करेंगे।

उल्लेखनीय है कि रक्तदान की यह पावन परंपरा पिछले चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।

#### भाजपा पार्षद के लापता होने के बंटे पम्पलेट

# जो बताएगा उसे 5000 देंगे; परिजन बोले-थाने में शिकायत करेंगे

भोपाल ■ निसं

भोपाल में एक भाजपा की महिला पार्षद के लापता होने के पम्पलेट्स बंटे हैं। वार्ड-61 की पार्षद मधु शिवनानी की तस्वीर लगे पम्पलेट्स में लिखा कि जो भी पार्षद की जानकारी देगा, उसे 5 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। ये पम्पलेट्स किसने बंटवाए, इसका खुलासा नहीं हो सका है। मधु शिवनानी पहली बार की पार्षद हैं और उनके पति संजय शिवनानी संगठन में मंडल महामंत्री हैं।

वार्ड-61 में अवधपुरी जैसा बड़ा इलाका शामिल हैं। शुक्रवार सुबह पार्षद की तस्वीर लगे पम्पलेट्स वार्ड में अखबारों के अंदर रखे मिलें। जिसमें पार्षद के 3 महीने से लापता होने की बात लिखी गई थी। इनाम की घोषणा के साथ पार्षद की अनुपस्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य कई फर्जी दस्तावेज बनाए जाने की बात भी लिखी गई।

बेटा सुशांत नीदरलैंड में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वह बहू के साथ वहीं रहता है। कुछ दिन पहले ही पोते का जन्म हुआ है। इसलिए पत्नी फरवरी में बेटा-बहू के पास नीदरलैंड गई थीं। मार्च में ही वापस आना था, लेकिन ईरान-अमेरिका युद्ध की वजह से फ्लाइड री-शेड्यूल कराना पड़ी।

## अनमोल वचन

जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते।
**स्वामी विवेकानंद**

राजा, गुरु, मित्र की पत्नी तथा सास माता के समान होती है। इनसे अवैध संबंध रखने वाला महापापी होता है।
**चाणक्य**

## सम्पादकीय

### दीदी जाने वाली है भाजपा आने वाली है?

*भारत में आजादी के बाद पहली बार मतदान का एक ऐसा रिकॉर्ड बना है, जो ना भूतो ना भविष्यति की तरह है। प्रथम चरण के मतदान के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया है, प्रथम चरण की जिन 154 सीटों में जो मतदान हुआ है उसमें बीजेपी 120 सीटों पर जीत रही है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव का नॅरेटिव बनाकर महिला आरक्षण बिल को आधार बनाकर बीजेपी ने चुनाव लड़ा है। चुनाव के दौरान संसद का विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन और जनगणना के मुद्दे पर जो संशोधन बिल प्रस्तुत किया था। बिल को महिला आरक्षण से जोड़कर प्रचारित किया गया। महिला आरक्षण बिल अस्तित्व में है। इसके बाद भी जब यह बिल संसद से दो तिहाई बहुमत से पास नहीं हो पाया। उसके बाद भाजपा ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन का मुद्दा बनाया। महिला आरक्षण के नाम पर बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव प्रचार किया। जो मतदान हुआ है, उस पर भाजपा का दावा है, महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में पश्चिम बंगाल में बढ़ चढ़कर मतदान किया है। तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 86 .फ़ीसदी रिकॉर्ड मतदान हुआ है। तमिलनाडु में भी महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया है, यह दावा भाजपा द्वारा किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव के पहले, इसी तरह का नॅरेटिव बनाकर भाजपा अप्रत्याशित रूप से चुनाव जीतती रही है। इस बार भी भाजपा को भरोसा है, वह पश्चिम बंगाल में पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही हैं। ठीक इसके विपरीत ममता दीदी का दावा है। इस बार महिलाओं ने एसआईआर के नाम पर जिस तरह से करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। तार्किक विसंगति के नाम पर लगभग 64 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अलग किए गए हैं। बंगाल के मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए पिछले 3 महीने से परेशान हो रहे हैं। किसी भी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई। प. बंगाल के करोड़ों मतदाता इस प्रक्रिया में काफी परेशान थे। अंतोंगत्वा 34 लाख से ज्यादा मतदाताओं को प. बंगाल में मतदान से वंचित रखा गया है। इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया बंगाल में हुई है। मतदाताओं को अपनी नागरिकता बचाने के लिए जो परेशानी उसे हुई है। बंगालियों को जिस तरह से परेशान किया गया है। उससे नाराज मतदाताओं ने इस बार टीएमसी के पक्ष में मतदान किया है। बंगाली स्मिता और नागरिक अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए कम्युनिस्ट विचारधारा के मतदाताओं ने भी टीएमसी के पक्ष में मतदान किया है। ममता बनर्जी का दावा है, भारी संख्या में जो मतदान हुआ है। वह एसआईआर के विरोध और बंगाली अस्मिता को बचाए रखने के लिए हुआ है। ममता बनर्जी का दावा है, वह भारी बहुमत के साथ चौथी बार अपनी सरकार बनाने जा रही हैं। बंगाल चुनाव पर गहरी नजर रख रहे राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है, इस बार का विधानसभा चुनाव परिणाम आश्चर्यचकित करने वाला होगा। पिछले 15 वर्षों के चुनाव परिणाम को देखने पर स्पष्ट है। कम्युनिस्ट विचारधारा के मतदाता प्रत्येक चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान कर रहे थे। इसका मुख्य कारण कम्युनिस्ट विचारधारा का कमजोर होना और भाजपा द्वारा सुनयोजित रूप से बंगाल में अपनी पकड़ मजबूत करना था। कम्युनिस्ट पार्टी और टीएमसी के बीच में लगातार टकराव बढ़ने का फायदा भाजपा को पिछले 2 लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हुआ है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। इस बार मामला उल्टा पड़ता हुआ दिख रहा है। जिस तरह से बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है। जिस तरह से देश में घूसपेठियों के नाम बंगालियों को निशाने पर लिया गया है। उसके कारण बंगाली अस्मिता और एसआईआर के विरोध में पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने भारी मतदान किया है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह से चुनाव के पहिले भय का वातावरण, चुनाव के पहले चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों एवं हिंदू कट्टरता के नाम पर बनाया गया उससे पश्चिम बंगाल का मतदाता नागरिक अधिकारों को लेकर सजग हुआ है। पहली बार वामपंथी विचारधारा को छोड़कर ममता दीदी के पक्ष में मतदान किया है। पश्चिम बंगाल के इतिहास में ऐसा परिवर्तन पहली बार होता हुआ दिख रहा है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को पूंजीवादी विचारधारा का समर्थक माना जाता है। पिछले 15 वर्षों में पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी का कमजोर होना पूंजीवादी व्यवस्था का मजबूत होना भाजपा के पक्ष में था। अब, जिस तरह से निम्न वर्ग नागरिकता, बेरोजगारी और महंगाई का सामना कर रहा है, उससे पश्चिम बंगाल का मतदाता भाजपा से भारी नाराज है। प्रथम चरण के मतदान में जिस शांति के साथ भारी संख्या में घरों से निकलकर मतदाताओं ने मतदान किया है। उससे यह संकेत मिल रहा है, इस बार पश्चिम बंगाल में ऐसा कुछ होने जा रहा है, जो भविष्य में प. बंगाल एवं देश की राजनीति को नई दिशा देगा। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बांग्लादेश के चुनाव में जिस तरह के हालत थे। बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने जिस तरह से प्रधानमंत्री शेख हसीना के पक्ष में काम किया था। उसके बाद बांग्लादेश में विद्रोह हुआ, शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ी। एसआईआर के नाम पर लाखों मतदाताओं के वोट काटने की बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया पश्चिम बंगाल में हुई है। बंगाली समुदाय स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन से लेकर अभी तक के हर मामले में मुखर रहता आया है। प्रथम चरण के मतदान में जिस तरह के रुझान आए हैं, वह बहुत कुछ कह रहे हैं। परिणाम आने के बाद प्रदेश एवं देश में इसकी तीव्र राजनैतिक प्रतिक्रिया होना तय है।*

## चिंतन-मनन

### ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों एक महात्मा से किसी ने पूछा– ईश्वर का स्वरूप क्या है? महात्मा ने उसी से पूछ दिया–तुम अपना स्वरूप जानते हो? वह बोला– नहीं जानता।

तब महात्मा ने कहा– अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं–मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा?

अत: अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत? ही दिखलाता है या घटा–बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं– यह गुलाबी है। नासिका कहती है– यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है– यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

# नारी नेतृत्व, डिजिटल सुशासन और विकसित भारत का संकल्प

**प्रो. एस. पी. सिंह बघेल**

> *माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में पंचायती राज को नई ऊर्जा और दिशा मिली है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सत्ता केवल दिल्ली के गलियारों तक सीमित न रहे, बल्कि देश के अंतिम गांव की दहलीज़ तक पहुंचे। 'विकसित भारत 2047' का विजन 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों की मजबूत नींव पर आधारित है, जो देश की लगभग 64 प्रतिशत जनसंख्या की जीवनरेखा हैं।*

जब कोई राष्ट्र अपनी जड़ों को सींचता है, तो उसकी शाखाएं आसमान छूती हैं। भारत की वे जड़ें उसकी पंचायतें हैं और उन पंचायतों की आत्मा आज उसकी महिलाएं हैं। 24 अप्रैल 1993 को 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से जब गांवों की सरकार को संवैधानिक मान्यता मिली, तो भारतीय लोकतंत्र ने एक नया अध्याय लिखा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में पंचायती राज को नई ऊर्जा और दिशा मिली है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सत्ता केवल दिल्ली के गलियारों तक सीमित न रहे, बल्कि देश के अंतिम गांव की दहलीज़ तक पहुंचे। 'विकसित भारत 2047' का विजन 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों की मजबूत नींव पर आधारित है, जो देश की लगभग 64 प्रतिशत जनसंख्या की जीवनरेखा हैं।

लोकतंत्र की पाठशाला: नारी नेतृत्व का उदय राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2026 एक विशेष गौरव के साथ मनाया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री जी ने पंचायती राज संस्थाओं को देश में महिला नेतृत्व की सबसे बड़ी पाठशाला बताया – यह उस वास्तविकता की स्वीकृति थी जो आज ग्रामीण भारत में प्रतिदिन घटित हो रही है।

देशभर में पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित प्रतिनिधियों की कुल संख्या 32 लाख से अधिक है। वर्तमान में उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, 24,41,781 निर्वाचित प्रतिनिधियों में से 12,14,885 महिलाएँ हैं, जो कुल का लगभग 49.75 प्रतिशत हैं। 21 राज्यों तथा 2 केन्द्र शासित प्रदेशों ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक आरक्षण लागू किया है। पिछले चार वर्षों में संचयी रूप से 33.50 लाख महिला प्रतिनिधियों को नेतृत्व एवं सुशासन पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है – और 2025–26 में ही 9.37 लाख महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 47.7 प्रतिशत की वृद्धि है।

सशक्त पंचायत नेत्री अभियान और नारी शक्ति वंदन अधिनियम: 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनकी संवैधानिक जिम्मेदारियों, अधिकारों और नेतृत्व क्षमताओं के प्रति सजग और सक्षम बनाता है। 'महिला–हितैषी ग्राम पंचायत' और 'निर्भय रहो' जैसी पहलें महिलाओं को जमीनी लोकतंत्र में सुरक्षित और सशक्त भागीदारी के लिए प्रेरित कर रही हैं। 'निर्भय रहो' निर्भया फंड के अंतर्गत संचालित है और यह कानूनी जागरूकता, सामाजिक संवेदनशीलता एवं तकनीकी सशक्तिकरण को एकीकृत करते हुए ग्रामीण शासन में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित कर रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम – लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करते हुए – भारतीय लोकतंत्र में उनकी भूमिका को स्थायी और सशक्त रूप से स्थापित करता है। पंचायतों की पाठशाला में तैयार महिला नेतृत्व ही विधानसभाओं और संसद में बदलाव की वाहक बनेगी।

सोलहवाँ वित्त आयोग: संसाधनों में अभूतपूर्व वृद्धि–वित्तीय सशक्तिकरण किसी भी संस्था की कार्यक्षमता की आत्मा होती है। 16वें वित्त आयोग ने 2026 से 2031 की अवधि के लिए ग्रामीण स्थानीय निकायों को 4.35 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आवंटन किया है – जो 15वें वित्त आयोग की तुलना में 84 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2026–27 में ही 1.40 लाख करोड़ रुपये का अनुदान आवंटित है। यह वित्तीय सुदृढ़ता पंचायतों को केवल खर्च करने की क्षमता नहीं देती, बल्कि उन्हें विकास के एजेंडा को स्वयं निर्धारित करने का आत्मविश्वास भी प्रदान करती है। स्व–स्त्रोत राजस्व नीति और प्रदर्शन–आधारित अनुदान ने पंचायतों में जवाबदेही और प्रतिस्पर्धा – दोनों को एक साथ प्रोत्साहित किया है।

समावेशी और पारदर्शी शासन: 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मार्गदर्शक मंत्र पंचायती राज मंत्रालय के प्रत्येक कदम का आधार है। ई–ग्राम स्वराज मंच के माध्यम से देशभर की ग्राम पंचायतों ने 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑनलाइन भुगतान संसाधित किए हैं। सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली से एकीकृत यह मंच प्रत्येक लेनदेन को सीधे विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं तक वास्तविक समय में पहुंचाता है। 2.5 लाख से अधिक पंचायतों और 1.6 करोड़ वेंडर्स का इससे जुड़ना डिजिटल सुशासन की व्यापक स्वीकृति का प्रमाण है। वर्ष 2025–26 में 2.5 लाख से अधिक पंचायतों ने सतत् विकास लक्ष्यों को 9 थीम्स में विभाजित कर अपनी विकास योजनाएँ स्वयं तैयार कीं – ग्रामीण विकास को लक्ष्य–उन्मुख और परिणाम–केंद्रित बनाते हुए।

पेसा रैंकिंग: अनुसूचित क्षेत्रों में स्वशासन की नई पहल– पंचायती राज मंत्रालय ने पहली बार 25 जनवरी 2026 को वर्ष 2024–25 के लिए पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) के अंतर्गत राज्यों के प्रदर्शन की राज्यवार रैंकिंग जारी की। इसका उद्देश्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करना तथा अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा आधारित स्वशासन को मजबूत करना है। इस रैंकिंग में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश फ्रंट रनर श्रेणी में रहे; राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना परफॉर्मर श्रेणी में रखे गए हैं, जबकि आंध्र प्रदेश और गुजरात आकांक्षी श्रेणी में शामिल हैं। यह रैंकिंग दस पेसा राज्यों – आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना – की प्रगति, क्षमता और संभावनाओं को रेखांकित करती है। सहकारी संघवाद की भावना के अनुरूप, मंत्रालय पेसा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों के साथ निरंतर समन्वय और सहयोग कर रहा है।

सभासार और एआई–सक्षम शासन: जनभाषा में जनतंत्र की आवाज: पंचायती राज मंत्रालय ने कृत्रिम मेधा को शासन के केंद्र में लाकर एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। 14 अगस्त 2025 को लॉन्च 'सभासार' अब 23 भारतीय भाषाओं में ग्राम सभा की कार्यवाही दर्ज करता है। 1,11,486 ग्राम पंचायतें इसका उपयोग कर चुकी हैं – भाषा अब भागीदारी के मार्ग में बाधा नहीं।

स्वामित्व योजना: संपत्ति अधिकारों से आर्थिक सशक्तिकरण– स्वामित्व योजना ने ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से 3.30 लाख गांवों में सर्वे पूरा कर 3.13 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड तैयार किए हैं। यह ग्रामीण परिवारों को बैंक ऋण और औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ रहा है, संपत्ति को आर्थिक संपदा में बदलने का अवसर दे रहा है, भूमि एवं संपत्ति से जुड़े विवादों को कम कर रहा है, और ग्राम पंचायतों के लिए एक स्थायी तथा पारदर्शी राजस्व स्रोत के रूप में उभर रहा है।

संस्थागत क्षमता निर्माण: राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत 2022–23 से अब तक संचयी रूप से 1.62 करोड़ से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

# बढ़ते कैंसर मरीजों के उपचार में 'मेक इन इंडिया' बना वरदान



**श्रीविवेकतिवारी, प्रिंसिपलइनवेस्टर, टूविसटेक्नोलॉजी जप्राइवेटलिमिटेड**

> *ये डॉक्टरों को शरीर में कहीं भी छिपे कैंसर ट्यूमर को बिना चीरा लगाये अविश्वसनीय सटीकता के साथ हटाने में सहायता करते हैं। ये मशीनें उच्च तीव्रता वाली एक्स–रे या इलेक्ट्रॉन बीम उत्पन्न करती हैं,जिन्हें चिकित्सक ट्यूमर को लक्षित करने और आसपास के स्वस्थ ऊतकों की रक्षा के लिए सटीक रूप से आकार देते और नियंत्रित करते हैं। LINAC–आधारित उपचार विश्व भर में वयस्क कैंसर मामलों के इलाज की सहायक या पैलिएटिव देखभाल का आधार बनता जा रहा है।*

रेडियो थेरेपी मांग पूरी करने के लिए 1500 से अधिक लीनियर एक्सेलेरेटरों की जरूरत श्रीविवेकतिवारी, प्रिंसिपल इन वेस्टर,टूविस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड भारत में जैसे–जैसे कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों तक त्वरित और कारगर उपचार मुहैया कराना चुनौतीपूर्ण कार्य बनता जा रहा है। चिकित्सा क्षेत्र में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के बावजूद भारत विकिरण चिकित्सा संसाधनों की भारी कमी से जूझ रहा है। हालांकि अब इस दिशा में 'मेक इन इंडिया' के अभियान ने आशा की एक किरण जगाई है। लीनियर एक्सेलेरेटर या एलआईएनएसी आधुनिक कैंसर विकिरण उपचार के वास्तविक कार्यकर्ता के रूप में सामने आया है। ये डॉक्टरों को शरीर में कहीं भी छिपे कैंसर ट्यूमर को बिना चीरा लगाये अविश्वसनीय सटीकता के साथ हटाने में सहायता करते हैं। ये मशीनें उच्च तीव्रता वाली एक्स–रे या इलेक्ट्रॉन बीम उत्पन्न करती हैं,जिन्हें चिकित्सक ट्यूमर को लक्षित करने और आसपास के स्वस्थ ऊतकों की रक्षा के लिए सटीक रूप से आकार देते और नियंत्रित करते हैं। एलआईएनएसी–आधारित उपचार विश्व भर में वयस्क कैंसर मामलों के इलाज की सहायक या पैलिएटिव देखभाल का आधार बनता जा रहा है।

यह तकनीक इंटेंसिटी–मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी , वॉल्यूमेट्रिक–मॉड्यूलेटेड आर्क थेरेपी और इमेज–गाइडेड रेडिएशन थेरेपी जैसी उन्नत तकनीकों का आधार है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, देश भर में केवल लगभग 790 उच्च–वोल्टेज यूनिट्स हैं। एलआईएनएसी प्लस कोबाल्ट मशीनें, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत की जनसंख्या और कैंसर बोझ के लिए सुझाई गई संख्या के आधे से थोड़ा अधिक ही हैं। 2023 की जरूरतों की समीक्षा में 554स्थानों पर लगभग 823 मशीनें काम कर रही थीं, उनमें से लगभग दो–तिहाई जगहों पर केवल एक–एक यूनिट ही चल रही है। हालांकि इस उपचार को सभी लोगों तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण कार्य है।अधिकांश एलआईएनएसी बड़े शहरों और टियर–1 केंद्रों में निजी सेटअप्स में केंद्रित हैं, जिससे 80% लोगों को देखभाल के लिए दूर जाना पड़ता है। इसका परिणाम देर से होने वाली शुरुआत, मरीजों द्वारा बीच में छोड़ना और अनावश्यक रूप से बीमारी का बिगड़ना है।यह रूकावट गांवों या छोटे शहरों के उन लोगों को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं जो लंबी यात्राओं, आवास आदि का खर्च नहीं उठा सकते।

लेकिन अब भारत का 'मेक इन इंडिया' अभियान इस अंतर को पाटने के लिए स्थानीय एलआईएनएसी प्रोडक्ट को गति दे रहा है। इसमें सिद्धार्थ– !! जैसे स्वदेशी मॉडलभी हैं, जो अब रोगियों के लिए अनुमोदित हैं और विदेशी मॉडलों के बराबर हैं। ये स्थानीय यूनिट्स नियमित बाह्य बीम थेरेपी के लिए मध्यम ऊर्जा (लगभग 6 )का उपयोग करती हैं। वे बीम गुणवत्ता, खुराक सटीकता और उपचार सॉफ्टवेयर के लिए वैश्विक मानकों को पूरा करती हैं। (सोसायटी फॉर एप्लाइड माइक्रोवेव इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड रिसर्च), फंडेड समूहों जैसी टीमें इस प्रयास का नेतृत्व कर रही हैं। विकिरण मशीनों के अलावा, वे 1.5 टेस्ला एमआईआर स्कैनर जैसे एड–ऑन भी बना रही हैं। लक्ष्य स्पष्ट है। आयात निर्भरता कम करना, नॉलेज शेयर करना और राष्ट्रव्यापी थेरेपी रोलआउट के लिए प्रारंभिक और निरंतर खर्चों को कम करना।

'मेक इन इंडिया' में एलआईएनएसी रोगियों और देखभाल नेटवर्क के लिए चार प्रमुख लाभ हैं। इससे सबसे पहले खरीद और रखरखाव लागत कम होती है, ताकि सार्वजनिक या निजी स्थानों पर समग्र योजनाओं को सस्ता बनाया जा सके और लोगों पर वित्तीय बोझ कम हो। दूसरा, उन्हें भारत में ही बनाना डिलीवरी को तेज करता है और ग्लोबल सप्लाई चेन की समस्याओं से बचाता है, जिससे सबसे बड़े अंतर वाले टियर–2 और टियर–3 शहरों में तेजी से मशीनों की स्थापना संभव हो। इसके अलावा, यह स्वदेशी उत्पादन मरम्मतकर्ताओं, तकनीशियनों और पेशेवरों का स्थानीय नेटवर्क विकसित करता है, जो मशीनों की विश्वसनीयता बढ़ाता है और डाउनटाइम कम करता है। ये वहांमहत्वपूर्ण है जहां एक यूनिट एक ही दिन में बड़ी संख्या में रोगियों को संभालती है। यह भारत की देखभाल प्रणालियों, नियमों और बजटों के अनुरूप एलआईएनएसी के लिए नई प्रगति के लिए स्वदेशी कौशल निर्माण करता है। यह बदलाव भारत को फैंसी थेरेपी तकनीक का शीर्ष खरीदार से क्षेत्र में बजट–अनुकूल, सिद्ध एलआईएनएसी का प्रमुख स्त्रोत बना सकता है।

भारत में बढ़ते कैंसर मामलोंको देखते हुए एलआईएनएसी थेरेपी की व्यापक पहुंच और निष्पक्ष वितरण के लिए प्रयास तत्काल आवश्यक हो गया है। डब्ल्यूएचओ मशीन लक्ष्यों के आधे से कम होने और शहर–ग्रामीण विभाजन के बीच, आयात अकेले पर्याप्त नहीं हैं। स्वदेशी से लेकर सटीक नीतियों और फंडिंग तक 'मेक इन इंडिया' ख्नह्लह्ट को बढ़ावा देकर, लाखों भारतीय रोगियों को अधिक आसानी से, सस्ते और विश्वसनीय रूप से उपचारात्मक और आरामदायक विकिरण प्रदान कर सकती है।

## अनुसंधान और विकास में भारत की बढ़ती पहल



**डॉ. विजय अग्रवाल**

*कुछ ही दिन पहले केन्द्रीय वांणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयुष गोयल ने देश को एक बहुत ही उत्साहजनक खबर दी है। उन्होंने बताया कि सन् 2024–25 के वित्तीय वर्ष में भारत ने पेटेंट के लगभग एक लाख पैंतालीस हजार आवेदन दाखिल किए। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पेटेंट के आवेदन पत्रों की यह संख्या पिछले साल के वित्तीय वर्ष की तुलना में तीस प्रतिशत अधिक है। उन्होंने इसके कारण की चर्चा करते हुए अपने 'एसओ पर लिखा है कि यह सकारात्मक बदलाव 'स्टार्टअप इंडिया' तथा 'मेक इन इंडिया' की बढ़ती हुई संस्कृति के कारण आया है। निश्चित रूप से इससे ज्ञान पर आधारित अर्थव्यवस्था के बारे में एक अच्छे भविष्य की धारणा बनती है। लेकिन यदि हम इसे वैश्विक नजरिए से देखें, तो हम अभी भी काफी पीछे हैं। पेटेंट के मामले में चीन पहले नंबर पर और अमेरिका दूसरे नंबर पर है। तीसरे और चाथे नंबर पर क्रमश: जापान और साउथ कोरिया आते हैं। जनसंख्या की दृटि से जापान और साउथ कोरिया बहुत ही छोटे देश हैं। चीन की आबादी भारत के लगभग–लगभग बराबर और अमेरिका की आबादी भारत से लगभग एक चौथाई है। इसके बावजूद यदि इन देशों की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक मजबूत है, तो इसका मुख्य श्रेय वहाँ के अनुसंधान एवं विकास को ही जाता है। दक्षिण कोरिया अनुसंधान और विकास पर दुनिया का सबसे अधिक खर्च करने वाला देश है। वह अपनी जीडीपी का 4.5 प्रतिशत खर्च करता है। अमेरिका, जो पहले से ही आर एंड डी के मामले में इतनी उन्?नत स्थिति में है, अपनी जीडीपी का 2.8 प्रतिशत और चीन अपनी जीडीपी का 2.47 प्रतिशत खर्च कर रहा है। यहाँ गौर करने की बात यह है कि सन 1980 के आसपास भारत और चीन की प्रतिव्यक्ति आय एक जैसी ही थी। लेकिन पिछले चार दशकों में उसने आर एंड डी पर बहुत अधिक काम किया। इसके परिणामस्वरूप वह आज अमेरिका जैसे देशों को भी टक्कर देने की स्थिति में है। लेकिन जब इन आंकड़ों की तुलना हम भारत के आंकड़ों से करते हैं, तो वह देश, जो कभी 'विश्व गुरु' कहलाता था, बहुत दयनीय स्थिति में दिखाई देता है। हम अपनी जीडीपी का मात्र 0.67 प्रतिशत ही खर्च करते हैं। जबकि वैश्विक आंकड़ा ही 1.79 प्रतिशत का है। यानि कि हमारा खर्च विश्व के औसत का मात्र तीस प्रतिशत है। यह एक बहुत बड़ा कारण है कि हमारी अर्थव्यवस्था बहुत तेजी के साथ उस ऊँचाई को छू नहीं पा रही है, जिसे छूने की क्षमता हममें है। उदाहरण के तौर पर हम इसरो को ले सकते हैं, जिसने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में दुनिया के सामने सफलता के जबर्दस्त उदाहरण पेश किया है। पिछले कुछ सालों से रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में भी हमने गजब का काम किया है। कोरोना के समय इतनी जल्दी वैक्सीन का निर्माण और उत्पादन करके भारत ने पूरी दुनिया को चकित कर दिया था। यूपीआई के द्वारा भारत ने भुगतान करने की जो प्रणाली विकसित की है, वह डिजीटल के क्षेत्र में हमारे बहुत बड़े कमाल को प्रदर्शित करती है। ये सफलताएं बताती हैं कि हमारे लोगों में टेलेंट तो है, परन्तु जरूरत है तो इस टेलेंट के सही इस्तेमाल करने और उसके अधिक उपजाऊ वातावरण की। इसके लिए निजी क्षेत्र को पूरे जोशखरोश के साथ आगे आना चाहिए। अभी भी अनुसंधान और विकास पर हमारे यहाँ जो भी खर्च हो रहा है, उसमें निजी क्षेत्र का योगदान मात्र छत्तीस प्रतिशत ही है।*

***( लेखक भारतीय सूचना सेवा के पूर्व अधिकारी हैं. प्रेस सूचना ब्यूरो में एडिशनल डायरेक्टर जनरल के पद पर थे। 85 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। )***

## खास बात

### भाजपा की रणनीति का मुकाबला सारा विपक्ष मिलकर भी नहीं कर सकता?

भारतीय जनता पार्टी और उनके अनुवांशिक संगठन 24×7× 365 दिन केवल चुनाव जीतने की रणनीति बनाते हैं। इस रणनीति में साम– दाम–दंड–भेद का उपयोग किया जाता है। भाजपा की रणनीति का मुकाबला सारे विपक्षी दल मिलकर भी नहीं कर सकते हैं। विपक्ष के पास रणनीति बनाने वाले ना तो जानकार हैं। नाही उनके पास पैसा धेला है। रही सही कसर मीडिया पूरी कर देता है। विपक्ष पूरी तरह से गोदी मीडिया से बाहर है। मुकाबला करने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का संरक्षण सत्ता पक्ष के पास है। ऐसी स्थिति में भाजपा को चुनाव में हरा पाना विपक्ष के लिए इस जन्म में संभव नहीं है। इस बात को विपक्षी दल भी मानने लगे हैं। यह चर्चा अब विपक्षियों के बीच हताशा के रूप में देखने को मिल रही है। विपक्ष अब पूरी तरह से भगवान भरोसे है।

### नितीश बाबू ना घर के न घाट के

पुत्र मोह में नितीश बाबू ना घर के रहे, ना घाट के रहे। मुख्यमंत्री पद से हाथ धोना पड़ा। अपने पुत्र को वह उपमुख्यमंत्री भी नहीं बना पाए। समझा जा सकता है,उन्होंने पुत्र मोह में पडकर जो निर्णय लिए। वह उनके खिलाफ चले गए। वह साजिश का शिकार होकर रह गए।उनके पुत्र निशांत की लॉन्चिंग अब किस तरह से होगी,यह बिहार में चर्चा का विषय बन गया है। निशांत मंत्रिमंडल विस्तार में यदि मंत्री बन भी जाते हैं। तो वह हमेशा राजनीति में भीड़ का हिस्सा बने रहेंगे। अभी तो नितीश बाबू का मुख्यमंत्री का पद चला गया। केवल राज्यसभा के सांसद बनकर रह गए हैं।

### निशांत सीधे मुख्यमंत्री बनेंगे?

बिहार में चर्चा चल रही थी। मुख्यमंत्री पद से जब नितीश बाबू इस्तीफा देंगे। तब उनके पुत्र निशांत उप– मुख्यमंत्री बनेंगे। नितीश बाबू ने इस्तीफा दिया,वह अपने पुत्र को उप मुख्यमंत्री नहीं बना पाए। जनता दल से दो उपमुख्यमंत्री बने। लेकिन निशांत का नंबर नहीं लगा। निशांत यदि उप मुख्यमंत्री बनते, तो जनता दल यू में विभाजन हो जाता। अब नितीश बाबू कह रहे हैं, वह 6 महीने निशांत को अपने साथ लेकर बिहार के दौरे पर रहेंगे। जनता के आशीर्वाद से निशांत भविष्य में मुख्यमंत्री जरूर बनेगा। मुख्यमंत्री का लड़का मुख्यमंत्री नही बनेगा, तो कौन बनेगा तू कौन बनेगा तो कौन बनेगा?

### विश्वगुरु को पाकिस्तान की चुनौती?

भारत अपने आप को विश्व गुरु बताता था। विश्व गुरु की ऐसी हालत पाकिस्तान करेगा? ऐसा किसी ने सोचा नहीं था। खाडी के देशों, ईरान, अमेरिका और चीन का जिस तरह से पाकिस्तान दुलारा और प्यारा बना हुआ है। हर जगह पाकिस्तान की पूछ परख हो रही है। पाकिस्तान ने विश्व गुरु की इमेज को गहरा धक्का पहुंचाया है। आतंकवादी देश पाकिस्तान, दुनिया के सबसे ताकतवर विश्व गुरु को इस तरह से चुनौती देगा। यह तो हमारे हुक्मरानो ने कभी सोचा नहीं था।जब समय खराब होता है। तब ऊंट पर बैठे हुए आदमी को भी कुत्ता काट लेता है। ऐसी कहावत है। यह कहावत चरितार्थ होते हुए दिख रही है।

## राशिफल

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, नवमी, शनिवार, अश्लेषा नक्षत्रे, गर योगे, वालवकरणे, कर्क की चंद्रमा, श्री जानकी नवमी जानकी जन्म महोत्सव तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक धनीमानी, कुशल वक्ता–अधिवक्ता, शासक–प्रशासक, कुशल व्यापारी, उद्यमी, प्रवासी, धनवान, कीर्ति वाला, प्रबल उद्योगपति एवं मानी होगा।

**मेष राशि**– हर्ष, यात्रा, राजसुख, सफलता, हानि, खर्च अधिक होगा, व्यर्थ का विरोध होगा।

**वृष राशि**– विरोध, व्यय, कष्ट, अशांति, कार्यलाभ की स्थिति संतोषप्रद बनी ही रहेगी।

**मिथुन राशि**– व्यापार में क्षति, यात्रा, विवाद, गृहकार्य, राजकार्य, व्यवसाय पर ध्यान दें।

**कर्क राशि**– भूमि व राज–लाभ, वायु विकार का योग है, शरीर कष्ट होगा, ध्यान दें।

**सिंह राशि**– वाहनादि का भय, कष्ट, राजसुख, यात्रा, शिक्षा की स्थिति में विकास होगा।

**कन्या राशि**– व्यय, प्रवास, विरोध, भूमि–लाभ, उद्योग–व्यापार में अड़चने आयेंगी।

**तुला राशि**– कार्यसिद्धी, लाभ, विरोध, प्रगति के साथ कुछ अच्छे कार्य भी होंगे, संतान से प्रसन्नता मिले।

**वृश्चिक राशि**– रोगभय, मातृ–सुख, कष्ट, यात्रा, गृहकार्य व राजकार्य में रुकावट बनेगी।

**धनु राशि**– लाभ, धर्म रुचि, हर्ष, यश, यात्रा कार्य में रुकावट बढ़ेगी, ध्यान दें।

**मकर राशि**– विरोध, व्यापार में हानि, शरीर खर्च, धार्मिक खर्च बढ़ेंगे, कार्य में रुकावट होगी।

**कुंभ राशि**– व्यय, प्रवास लाभ, प्रतिष्ठा, रोग, सामाजिक कार्यों में रुकावट की अनुभूमि होगी।

**मीन राशि**– राजभय, यश, लाभ, मान, चोट–चपेट का भय, मित्रों व पारिवारिक लोगों से परेशानी होगी।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**25 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.42 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मिथुन | 08.40 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.53 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.09 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 15.21 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 17.32 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.47 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 22.03 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 00.08 बजे से |
| | | कुंभ | 01.54 बजे से |
| | | मीन | 03.27 बजे से |
| | | मेष | 04.58 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2026 वर्ष का 115 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 18.29 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 20.05 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 23.43 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 06.51 बजे तदनन्तर कौलव 18.29 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 7.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 07'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872690
**जूलियन दिन** 2461155.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 07
**विशेष** सीता नवमी, जानकी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**– शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



## डॉ. दीपक लिंबाचिया ने सर्जनों को सिखाए एडवान्स लैप्रोस्कोपी के गुर

**अहमदाबाद।** स्त्री-रोग कैंसर और एडवान्स लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. दीपक लिंबाचिया ने देशभर से आए 15 चुनिंदा सर्जनों को आधुनिक शल्य चिकित्सा की बारीकियों से अवगत कराया। अहमदाबाद स्थित इवा वुमन्स हॉस्पिटल के इवा एन्डोस्कोपी इंस्टीट्यूट में आयोजित इस दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सकों को तकनीकी उत्कृष्टता और जटिल सर्जिकल प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया गया। बीते एक दशक में 4,000 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों को प्रशिक्षित कर चुके डॉ. लिंबाचिया ने अपने क्लिनिकल अनुभव के माध्यम से प्रशिक्षुओं को वास्तविक सर्जिकल निर्णयों की प्रक्रिया समझाई। कार्यशाला के दौरान ओवेरियन कैंसर, एंडोमेट्रियल कैंसर, लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी और मायोमेक्टॉमी जैसे जटिल विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान टीश्यू हैंडलिंग, ऊर्जा उपकरणों का सटीक उपयोग और ऑपरेशन के दौरान उत्पन्न होने वाली जटिलताओं के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया।

### कवांट नगर के प्रसिद्ध बाबा पिथोरा कलाकार ने फिर बढ़ाया गुजरात का मान, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया सम्मानित

## राष्ट्रपति भवन में गूंजा आदिवासी कला का गौरव: पद्मश्री परेश राठवा सम्मानित

**अहमदाबाद ■ एजेंसी**

छोटाउदेपुर जिले के कवांट नगर के प्रसिद्ध बाबा पिथोरा कलाकार और पद्मश्री सम्मानित परेश राठवा ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर गुजरात और आदिवासी संस्कृति का नाम रोशन किया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष 'रेजीडेंसी कला कार्यशाला' में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति भवन में 14 से 23 अप्रैल तक आयोजित इस विशेष कला कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों-गुजरात, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, गोवा, लद्दाख, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना से कुल 13 प्रतिभाशाली कलाकारों का चयन किया गया था। इन सभी कलाकारों ने अपनी-अपनी लोककला, परंपरा और संस्कृति को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।



इस प्रतिष्ठित कार्यशाला में गुजरात से दो कलाकारों का चयन हुआ था, जिनमें छोटाउदेपुर के परेश राठवा भी शामिल थे। उन्होंने 10 दिवसीय कार्यशाला के दौरान पिथोरा आदिवासी संस्कृति की भव्यता दर्शाने वाला एक सुंदर चित्र तैयार किया, जिसकी राष्ट्रपति भवन में खूब सराहना हुई।

कार्यशाला के समापन पर आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने परेश राठवा को कला के प्रति समर्पण और संस्कृति संरक्षण के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कलाकारों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों का अवलोकन भी किया।

परेश राठवा की इस उपलब्धि से गुजरात सहित पूरे छोटाउदेपुर जिले और कला जगत में खुशी का माहौल है। इस आयोजन से आदिवासी लोककला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है।

## भारत ने खोज निकाला मीना का अपार खजाना, दौड़ा-दौड़ा आया चीन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत और चीन को नरक बताने के विवादित बयान के बीच कूटनीतिक तौर पर एक अहम मुलाकात हुई है। भारत और चीन के दो शीर्ष अधिकारियों ने आपस में मुलाकात की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस बारे में ट्वीट किया है। यह मुलाकात तब हुई है, जब नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों की मीना क्षेत्र के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा चल रही है। ब्रिक्स का मीना मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र है, जिनके पास तेल और गैस का बहुमूल्य खजाना है। ये गतिविधियां तब बढ़ी हैं, जब अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच दुनिया की ऑयल और गैस सप्लाई में रुकावट आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार, ब्रिक्स मीना की चर्चा के बीच चीन के मिडिल ईस्ट के लिए विशेष दूत झाई जुन ने भारत की सचिव (दक्षिण) डॉ. नीना मल्होत्रा से मुलाकात की है। दोनों पक्षों ने मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र (मीना) में हालिया गतिविधियों पर रचनात्मक बातचीत की है। दोनों ने द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत किए जाने जाने पर भी चर्चा की। मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र (मीना) में करीब 19 से लेकर 27 देश शामिल हैं। नंबरों में ये अंतर इस क्षेत्र की परिभाषा के चलते है। ये पूरा का पूरा क्षेत्र तेल और प्राकृतिक गैस से समृद्ध हैं। मीना दुनिया की तेल सप्लाई और आर्थिक स्थायित्व के लिए बेहद जरूरी इलाका है।

## बीआरएस ने आत्मा खो दी: के. कविता ने तेलंगाना में नई पार्टी का ऐलान किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है, जहाँ तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता के. कविता ने एक नई क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा की। यह घोषणा तब हुई है, जब उन्होंने दावा किया कि उन्हें और उनके समर्थकों को कल्वाकुंतला चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से निष्कासित किया गया था। कविता ने स्पष्ट किया कि उन्होंने पार्टी को स्वेच्छा से नहीं छोड़ा, बल्कि उन्हें बाहर किया गया है। उन्होंने कहा कि बीआरएस का गठन तेलंगाना के आंदोलन और राज्य की क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया गया था, लेकिन समय के साथ पार्टी अपने मूल उद्देश्य से भटक गई। उनके अनुसार, नाम, काम और मूल विचारों में बदलाव आने के कारण जनता और पार्टी के बीच का संबंध कमजोर हुआ है। कविता ने कहा कि जब कोई राजनीतिक दल अपने मूल मुद्दों से दूर हो जाता है, तो वह लंबे समय तक टिक नहीं सकता। इसकारण उन्होंने एक नई पार्टी बनाने का निर्णय लिया है, जो तेलंगाना के अधूरे एजेंडे और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने पर केंद्रित होगी।

### यूपी में अगले तीन दिन और भीषण पड़ेगी गर्मी

# 32 जिलों को मौसम विभाग ने घोषित किया रेड अलर्ट

**लखनऊ ■ एजेंसी**

उत्तर प्रदेश इस समय भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। सूबे में तापमान लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। राजधानी लखनऊ से लेकर बुंदेलखंड और पूर्वांचल तक आसमान से आग बरस रही है। स्थिति यह है कि दिन के साथ रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही। दिन के समय तो सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में हालात और गंभीर होने की चेतावनी दी है, हालांकि 26 अप्रैल के बाद कुछ राहत के संकेत भी दिए गए हैं।



राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिससे रात में भी गर्मी का असर बना रहा। उधर, पूरे उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप चरम पर है। बुंदेलखंड क्षेत्र में हालात सबसे गंभीर हैं, जहां बांदा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसके अलावा वाराणसी, प्रयागराज, झांसी समेत कई जिलों में तेज गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही हैं। कई जिलों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ है।

मौसम विभाग ने 26 अप्रैल तक के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, रायबरेली समेत कई जिलों में लू चलने की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दिन के साथ रात में भी गर्मी (गर्म रात) का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार हीटवेव का असर आम जनजीवन पर व्यापक रूप से पड़ सकता है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए यह स्थिति अधिक खतरनाक हो सकती है। इसके अलावा मजदूर, किसान और लंबे समय तक धूप में काम करने वाले लोगों में डिहाइड्रेशन और लू लगने का खतरा बढ़ जाता है।

मौसम विभाग के मुताबिक 26 अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव शुरू हो सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आंधी और बारिश की गतिविधियां शुरू होकर धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल सकती हैं। 28 अप्रैल तक कई जिलों में गरज-चमक, धूल भरी आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें। हल्के रंग के ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें और बाहर जाते समय सिर को कपड़े, टोपी या छतरी से ढकें।

### मौसम विभाग ने दो दिन बाद कुछ राज्यों में आंधी-बारिश के आसार जताए

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी झेल रहे लोगों को मौसम विभाग ने गुड न्यूज दी है। मौसम विभाग ने दो दिन बाद कुछ राज्यों में आंधी-बारिश के आसार जताए हैं। आईएमडी का कहना है कि 26 अप्रैल से यूपी, पंजाब, हरियाणा में गर्मी से हल्की राहत मिल सकती है। ऐसा पश्चिमी विक्षोभ की वजह से होगा। राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी और हीट वेव का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कल भी तापमान अपने चरम पर बना रहेगा और लोगों को तेज गर्म हवाओं का सामना करना पड़ेगा। 25 अप्रैल को भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। हालांकि 26 अप्रैल से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। इस दिन अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट के साथ 42 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री रहने की संभावना है। आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। इसके बाद 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक मौसम अपेक्षाकृत राहत भरा रहेगा।

### लेकिन ज्ञात विविधता में 35% की कमी सामने आई

## दो साल के सर्वेक्षण में पश्चिमी घाट में ओडोनाटा की 143 प्रजातियां दर्ज



**पुणे ■ एजेंसी**

पश्चिमी घाट में किए गए एक महत्वपूर्ण दो साल के सर्वेक्षण में क्षेत्र की जैव विविधता को लेकर एक चिंताजनक तथ्य सामने आया है। शोधकर्ता इस क्षेत्र में ऐतिहासिक रूप से दर्ज ड्रैगनफ्लाई और डैमसेलफ्लाई की प्रजातियों में से केवल करीब 65% प्रजातियों को ही रिकॉर्ड कर सके, जो इन पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण कीड़ों की करीब 35% प्रजातियों की संभावित कमी की ओर इशारा करता है।

फरवरी 2021 से मार्च 2023 के बीच किए गए इस अध्ययन में पांच राज्यों के 144 स्थानों पर ओडोनाटा की आबादी का सर्वे किया गया। ओडोनाटा कीड़ों का एक वर्ग है जिसमें ड्रैगनफ्लाई और डैमसेलफ्लाई शामिल हैं। इस सर्वेक्षण की व्यापकता और विस्तार इसे पश्चिमी घाट में मीठे पानी की जैव विविधता का आकलन करने के लिए हाल के सबसे बड़े प्रयासों में से एक बनाती है। पश्चिमी घाट भारत के पश्चिमी तट पर स्थित 1,600 किलोमीटर लंबी पर्वत श्रृंखला है और इसे वैश्विक स्तर पर जैव विविधता का एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है।

शोध दल में डॉ. पंकज कोपार्डे (सहायक प्रोफेसर, एमआईटी-डब्ल्यूपीयू पुणे), अराजुश पायरा (पीएचडी शोधार्थी, एमआईटी-डब्ल्यूपीयू पुणे), अमेय देशपांडे (एमएससी छात्र, एमआईटी-डब्ल्यूपीयू पुणे) और रेजी चंद्रन (सोसाइटी फॉर ओडोनेट स्टडीज, केरल) शामिल थे। इन्होंने नदियों, नालों, झरनों, तालाबों, झीलों और बांधों सहित मीठे पानी के विभिन्न आवासों में कठोर क्षेत्र कार्य किया। इनमें से कई स्थान दूरदराज और पहुंचने में कठिन थे, जहां भूभाग की चुनौतियों और आधिकारिक अनुमतियों की जरूरत ने काम को और मुश्किल बनाया।

अध्ययन के दौरान दल ने 143 अलग-अलग ओडोनेट प्रजातियां दर्ज कीं, जिनमें पश्चिमी घाट के लिए विशिष्ट 40 स्थानिक प्रजातियां शामिल हैं।

## भारत के थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका में विशेष सम्मान से नवाजा गया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत के थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका में एक विशेष सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें यूएस के आर्मी वॉर कॉलेज के इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। यह सम्मान चुनिंदा विदेशी सैन्य अधिकारियों को दिया जाता है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी यह सम्मान पाने वाले तीसरे भारतीय बने हैं। उनसे पहले जनरल वीके सिंह और जनरल बिक्रम सिंह को यह सम्मान मिल चुका है। उन्होंने अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में स्थित आर्मी वॉर कॉलेज का दौरा किया। यहीं उन्हें इंटरनेशनल फेलोज हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है। यहां दोबारा आकर उन्हें खुशी महसूस हो रही है। पुरानी यादें ताजा हो रही हैं। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों और छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने नेतृत्व और सैन्य शिक्षा पर बात की। उन्होंने बदलते सुरक्षा हालात पर भी अपने विचार रखे। जनरल द्विवेदी खुद भी इस कॉलेज के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने 2014-15 में यहां पढ़ाई की थी। अमेरिका का यह कॉलेज भारत के नेशनल डिफेंस कॉलेज के बराबर का माना जाता हैं। यह ब्रिगेडियर लेवल के अधिकारी कोर्स करने आते हैं। यहां अधिकारियों को सामरिक रणनीति के गुर सिखाये जाते हैं। यहां उन्होंने स्ट्रैटेजिक स्टडीज का कोर्स किया था। उन्हें डिस्टिंग्विश्ड फेलो का सम्मान भी मिला था। अपने अमेरिका दौरे के दौरान ,सेना प्रमुख ने पैनल चर्चा में हिस्सा लिया, शोध परियोजनाओं को भी देखा और वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। यह हॉल ऑफ फेम 1988 में शुरू हुआ था।

सेना प्रमुख के अमेरिका दौरे में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग पर चर्चा हुई। संयुक्त ट्रेनिंग और नए ऑपरेशन पर बात हुई। मल्टी-डोमेन ऑपरेशन पर भी चर्चा हुई। तकनीक पर भी बातचीत हुई। साथ मे डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और को-प्रोडक्शन पर चर्चा हुई।

## मध्य रेल मुंबई/पुणे से गोरखपुर के लिए 248 अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाएगा

**मुंबई ■ एजेंसी**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, मध्य रेल मुंबई/पुणे से गोरखपुर के लिए विशेष शुल्क पर 248 अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाएगा।

विवरण इस प्रकार है: (1) सीएसएमटी मुंबई-गोरखपुर-सीएसएमटी दैनिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें (124 सेवाएं) ट्रेन संख्या 01079 विशेष ट्रेन दिनांक 15.05.2026 से 15.07.2026 तक प्रतिदिन सीएसएमटी से 22:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन गोरखपुर 10:00 बजे पहुंचेगी। (62 सेवाएं) ट्रेन संख्या 01080 विशेष ट्रेन दिनांक 17.05.2026 से 17.07.2026 तक प्रतिदिन गोरखपुर से 14:30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सीएसएमटी 00:40 बजे पहुंचेगी। (62 सेवाएं)

ठहराव : दादर, ठाणे, कल्याण, नाशिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरंगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद। संरचना: 1 एसी-2 टियर, 6 एसी-3 टियर, 9 शयनयान श्रेणी , 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।

(2) पुणे-गोरखपुर-हडपसर दैनिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें (124 सेवाएं)

ट्रेन संख्या 01415 विशेष ट्रेन दिनांक 15.05.2026 से 15.07.2026 तक प्रतिदिन सुबह 06.50 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। (62 सेवाएँ)

ट्रेन संख्या 01416 बिशेष दिनांक 16.05.2026 से 16.07.2026 तक प्रतिदिन 17.30 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 03.15 बजे हडपसर पहुंचेगी। (62 सेवाएँ)

ठहराव : दौंड कॉर्ड केबिन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा और बस्ती। संरचना: 1 एसी-2 टियर, 5 एसी-3 टियर, 6 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड का ब्रेक वैन।

आरक्षण: विशेष ट्रेन संख्या 01079 और 01415 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग दिनांक 26.04.2026 से सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट पर शुरू होगी। अनारक्षित कोचों के लिए सामान्य शुल्क पर बुकिंग यूटीएस सिस्टम के माध्यम से की जा सकती है। यात्री टिकट बुकिंग के लिए रेलवन ऐप भी डाउनलोड कर सकते हैं।

### ऊना में आप उम्मीदवार अजय गोलीबारी की घटना में घायल

## आप का आरोप, गुजरात में चुनाव, कानून या गुंडाराज?

**अहमदाबाद ■ एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) ने बताया कि गुजरात के ऊना में लोकल निकाय चुनाव लड़ रहे उसके उम्मीदवार अजय गोलीबारी की घटना में घायल हो गए। दिल्ली से आप विधायक गोपाल राय ने भाजपा की आलोचना कर पुलिस पर हमले के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज न करने का आरोप लगाया। आप विधायक राय ने कहा कि गुजरात में चुनाव या गुंडाराज ऊना में आप उम्मीदवार पर हुए जानलेवा हमले के बाद पुलिस का एफआईआर दर्ज न करना शर्मनाक घटना है। पहले निर्विरोध जीत सुनिश्चित करने का नाकाम प्रयास, और अब हमारे उम्मीदवारों को डराने के लिए गोलियों का सहारा! गुजरात की जनता भाजपा के 'खूनी खेल' और भय की राजनीति का मुंहतोड़ जवाब देगी। वहीं गुजरात आप अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने अस्पताल में अजय के इलाज की तस्वीरें साझा कर भाजपा पर ऊना नगर निगम चुनाव एकतरफा जीतने का प्रयास करने का आरोप लगाया।



गढ़वी ने एक्स पर लिखा कि गुजरात में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ऊना में आप के उम्मीदवार अजयभाई पर फायरिंग हुई है; इस समय वे अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। हमें अपने उम्मीदवार पर गर्व है क्योंकि भाजपा ने इस नगरपालिका सीट पर एकतरफा जीत हासिल करने के कई प्रयास किए, लेकिन आप उम्मीदवार ने निडर होकर लड़ने का संकल्प लिया। स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मतदान 26 अप्रैल को निर्धारित है, और वोटों की गिनती 28 अप्रैल को होगी। आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार में सूरत के पुणागाम के किरण चौक पर आयोजित विजय विश्वास सभा शामिल थी, जिसमें विधायक गोपाल इटालिया और राज्य संगठन महासचिव मनोज सोरठिया ने भाग लिया।

### पश्चिम एशिया संकट, तेल बाजार में स्थिरता की कोशिश

# ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को 90 दिनों के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

ईरान युद्ध के चलते तेल की कीमतों में आए उछाल को रोकने के लिए ट्रंप प्रशासन ने जोन्स एक्ट में 90 दिनों की अतिरिक्त छूट दी है। दावा किया जा रहा है कि इस कदम से विदेशी जहाजों की मदद से अमेरिका में ईंधन की आपूर्ति तेज होगी और बाजार में स्थिरता आएगी।

पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिका से एक बड़ी खबर आई है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को अगले 90 दिनों के लिए विस्तार देने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस फैसले का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी ऊर्जा बाजार में आई भारी अस्थिरता को कम करना और तेल-प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को सुगम बनाना है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव से उपजे वैश्विक संकट के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के इस फैसले को मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है।



विदेशी जहाजों के लिए खुले रास्ते: इस छूट के लागू होने के बाद अब गैर-अमेरिकी जहाजों के लिए अमेरिकी बंदरगाहों से तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन करना काफी आसान हो जाएगा। जोन्स एक्ट के प्रावधानों के तहत केवल अमेरिका में बने, अमेरिकी स्वामित्व वाले और अमेरिकी चालक दल वाले जहाजों को ही घरेलू समुद्री व्यापार की अनुमति होती है। हालांकि, मौजूदा ऊर्जा संकट के बाद आपूर्ति श्रृंखला में आए अवरोधों को देखते हुए ट्रंप प्रशासन ने इन नियमों में ढील दी है।

होर्मुज बंद होने की वजह से लिया गया फैसला: ज्ञात हो कि ट्रंप ने सबसे पहले मार्च के मध्य में 60 दिनों की छूट की घोषणा की थी। यह निर्णय होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बाद लिया गया था। पश्चिम एशिया संकट गहराने की वजह से अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति काफी हद तक बाधित हुई है। वर्तमान में इस जलमार्ग के बंद होने से अमेरिका पहुंचने वाले जहाजों की आवाजाही पर बड़ा असर पड़ा है। इसी कमी को पूरा करने के लिए अब विदेशी जहाजों के माध्यम से आपूर्ति को तेज करने की योजना बनाई गई है।

नई रिपोर्ट में सकारात्मक संकेत: व्हाइट हाउस की ओर से सोशल मीडिया पर साझा किए गए डाटा के अनुसार, मार्च में दी गई शुरुआती छूट के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि छूट मिलने के बाद से अमेरिकी बंदरगाहों तक अधिक मात्रा में तेल और गैस की सप्लाई हो सकी है। इसी डाटा को आधार बनाकर प्रशासन ने अगले 90 दिनों के लिए इस व्यवस्था को जारी रखने का फैसला किया है, जिससे कीमतों में स्थिरता बनी रहे।

# आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द किया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया है। आरबीआई ने ये फैसला ऑडिट रिपोर्ट में बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत लगातार नियमों की अनदेखी करने की वजह से लिया है। बताया जा रहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के ये कार्रवाई डेटा सुरक्षा उल्लंघनों और जमाकर्ताओं के हितों के प्रतिकूल काम करने के कारण भी की गई है। आरबीआई के इस फैसले के बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को तत्काल प्रभाव से बैंकिंग कारोबार करने से रोक दिया गया है यानी अब ये किसी भी तरह का बैंकिंग परिचालन नहीं कर सकता है।




आरबीआई के इस आदेश के बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को बैंकिंग कारोबार करने से पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। ग्राहकों को अब अपने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड खाते या वॉलेट में पैसे जमा करने या जोड़ने की अनुमति नहीं होगी। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के पास वाइंडिंग-अप प्रक्रिया के दौरान अपनी देनदारियों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त फंड है।

आपको बता दें कि आरबीआई का ये फ़ैसला पेटीएम पेमेंट्स बैंक को बंद करने के लिए चल रही लंबी रेगुलेटरी कार्रवाई की प्रक्रिया में आरबीआई का आख़िरी कदम है। आरबीआई ने पहले ही इस पर नए ग्राहक बनाने और डिपॉज़िट स्वीकार करने पर रोक लगा दी थी। आरबीआई की कार्रवाई 2022 में शुरू हुई थी, जब उसने इस लेंडर पर कुछ पाबंदियाँ लगाई थीं। 2024 में, जब गवर्नेंस, कंप्लायंस और ऑपरेशंस को लेकर बार-बार सुपरवाइज़री चिंताएं सामने आईं, तो उसने इन पाबंदियों को और सख़्त कर दिया।

# कलेक्टर वर्मा की सख्ती: स्कूल बसों की सुरक्षा में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

इंदौर ▪ निसं

इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक वाहनों के सुरक्षित संचालन और शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। बैठक में जिले के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, कॉलेजों के संचालक, निजी शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सचेत किया कि सुरक्षा प्रबंधों में किसी भी प्रकार की कोताही को स्वीकार नहीं किया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के विषय पर किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रोशन राय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी भार्गव सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी शैक्षणिक वाहनों की नियमित जांच अनिवार्य है। हर बस में अग्निशमन यंत्र का होना आवश्यक है। केवल उपकरण लगाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि स्कूलों को समय-समय पर सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित करनी होगी ताकि आपात स्थिति में स्टाफ और विद्यार्थी बचाव के तरीकों से अवगत रहें। बसों में स्पीड गवर्नर लगाना अनिवार्य किया गया है ताकि गति नियंत्रित रहे। साथ ही, बच्चों को ड्राइवर के केबिन में बैठाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और क्षमता से अधिक विद्यार्थी नहीं बैठाए जाएंगे। स्कूल संचालकों को ड्राइवरों के नाम, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और लाइसेंस की जानकारी संकुल स्तर पर जमा करानी होगी।

## मध्यान्ह भोजन सुरक्षा और पीएनजी के उपयोग पर जोर



स्कूलों में संचालित रसोई और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था पर भी विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने सुझाव दिया कि सुरक्षा की दृष्टि से स्कूलों की रसोई में पीएनजी कनेक्शन का उपयोग किया जाए। इसके साथ ही, भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि छात्रों को सुरक्षित और पौष्टिक आहार मिल सके।

### यूनिफॉर्म और किताबों की मोनोपॉली पर रोक

अभिभावकों के हितों का ध्यान रखते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्कूल यूनिफॉर्म और किताबों की बिक्री में किसी भी प्रकार की मोनोपॉली या एकाधिकार व्यवस्था नहीं होनी चाहिए। ये सामग्रियां बाजार में सुगमता से उपलब्ध होनी चाहिए ताकि अभिभावकों को किसी विशेष दुकान या स्थान से खरीदने के लिए मजबूर न होना पड़े।

### कॉलेजों में नशा मुक्ति के लिए बनेगी समितियां

उच्च शिक्षण संस्थानों और कॉलेजों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कलेक्टर ने विशेष समितियों के गठन के निर्देश दिए। ये समितियां परिसरों में निरंतर निगरानी रखेंगी और नशे की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले विद्यार्थियों या तत्वों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी।

### बसों के संचालन के लिए विस्तृत निर्देश दिए

प्रशासन द्वारा बसों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। स्कूल बसों का रंग पीला होना और उन पर "स्कूल बस" लिखा होना अनिवार्य है। अनुबंधित बसों पर "ऑन स्कूल ड्यूटी" का बोर्ड होना चाहिए। बसों में फर्स्ट-एड बॉक्स, हॉरिजेंटल ग्रिल, जीपीएस और चालू हालत में सीसीटीवी कैमरे होना आवश्यक है। खिड़कियों पर पर्दे या काली फिल्म प्रतिबंधित रहेगी। बस चालकों के पास कम से कम 5 वर्ष का भारी वाहन चलाने का अनुभव होना चाहिए। छात्राओं के परिवहन के समय महिला अटेंडेंट या परिचालक की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इसके अलावा, वर्षा ऋतु में जलभराव वाले पुलों से वाहन निकालने पर रोक और समय-समय पर चालकों की काउंसलिंग के निर्देश भी दिए गए हैं।

## पक्षियों हेतू दाना-पानी अभियान



कनिष्का कुमावत, साईं कृपा इंदौर

## मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर सियासी बवाल

# नरेंद्र मोदी को लेकर टिप्पणी पर भाजपा का तीखा हमला



इंदौर ▪ निसं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर राजनीति गरमा गई है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति इस तरह की निम्न स्तरीय भाषा का उपयोग करना खड़गे और कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। उनका गैर जिम्मेदाराना बयान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गिनती विश्व के लोकप्रिय नेतागणों में होती हैं। वे हमारे देश की आन बान और शान है। खड़गे भी राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष हैं।

भाजपा के शिविर में भाग लेने आए छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर देश की जनता ने चुना है। कांग्रेस के नेताओं को अपनी वाणी को संयत रखना चाहिए। खड़गे पहले भी उनके खिलाफ विवादित बयान दे चुके हैं। कांग्रेस जनहित से जुड़े मुद्दों में हमेशा बाधा बनती है। उन्होंने महिला आरक्षण बिल को भी मंजूर नहीं होने दिया और इसका वह जश्न मना रही है। कांग्रेस को अपनी अमर्यादित टिप्पणी पर देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

### मुख्यमंत्री यादव हुए शिविर में शामिल

मुख्यमंत्री मोहन यादव दोपहर तीन बजे इंदौर आए। वे एयरपोर्ट से सीधे डेली कॉलेज पहुंचे। यहां आयोजित भाजपा के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में वे शामिल हुए। शिविर स्थल पर स्थानीय नेताओं ने उनकी अगवानी की। यादव ने शिविर को संबोधित भी किया और संगठन और सरकार से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी।

## कार्तिक का बड़ा मिशन

# कारगिल से कन्याकुमारी तक 4200 किमी दौड़



इंदौर ▪ निसं

इंदौर के अल्ट्रा रनर कार्तिक जोशी एक और रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वे कारगिल से कन्याकुमारी तक 4200 किलोमीटर की यात्रा दौड़कर पूरी करेंगे। कार्तिक 50 दिनों तक हर दिन 84 किलोमीटर दौड़कर अपने लक्ष्य को पूरा करेंगे। 28 अप्रैल से वे अपनी दौड़ शुरू करेंगे। इसके लिए कार्तिक इंदौर से कारगिल के लिए रवाना हो चुके हैं।

वे 50 दिनों तक रोज करीब 84 किलोमीटर दौड़ते हुए कुल 4200 किलोमीटर की दूरी तय कर कारगिल से कन्याकुमारी तक जून माह के अंत तक पहुँचेंगे। यह कारनामा करने वाले वे सबसे कम उम्र के भारतीय धावकों में से एक होंगे। कार्तिक को इस दौड़ को पूरा करने के लिए अलग-अलग मौसमों का भी सामना करना होगा। कारगिल के बर्फीले इलाकों से दौड़ शुरू करेंगे, लेकिन कन्याकुमारी तक आते-आते उन्हें कई गर्म इलाकों से भी गुजरना होगा। पहाड़ी रास्तों, मैदानी सड़कों और समुद्री इलाकों के बीच से दौड़कर कार्तिक अपनी यात्रा पूरी करेंगे।

## भोजशाला धार विवाद: हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

# 98 दिन के सर्वे की वीडियोग्राफी सभी पक्षों को देने के निर्देश

इंदौर ▪ निसं



धार भोजशाला मामले में अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मुस्लिम पक्ष सहित अन्य पक्षकारों को सर्वे की वीडियोग्राफी मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने 27 अप्रैल तक सभी पक्षों को वीडियो क्लिप्स उपलब्ध कराने को कहा है। एएसआई की तरफ से यह भी कहा गया कि इतने फुटेज उपलब्ध कराना आसान नहीं होगा, क्योंकि सर्वे 98 दिनों तक चला है और हर दिन की वीडियोग्राफी की गई है। कोर्ट ने कहा कि तकनीकी माध्यमों के जरिए इसे उपलब्ध कराया जाए।

धार स्थित भोजशाला मामले में नियमित सुनवाई चल रही है। दो पक्षकारों ने अपने तर्क प्रस्तुत किए हैं। इसके अलावा एएसआई को भी पक्ष रखने का मौका दिया गया। अब मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क रखे हैं और फिर वीडियोग्राफी की पुरानी मांग दोहराई है।

हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) को आदेश दिया है कि भोजशाला में किए गए सर्वे की पूरी वीडियोग्राफी सभी पक्षों को उपलब्ध कराई जाए। कोर्ट ने कहा है कि 27 अप्रैल तक हर हाल में वीडियो क्लिप्स संबंधित पक्षों को दी जाएं, ताकि वे इन वीडियो के आधार पर अपने तर्क पेश कर सकें।

जब भोजशाला मामले में सुनवाई हुई थी, तब मुस्लिम पक्ष की तरफ से सर्वे की वीडियोग्राफी मुहैया कराने की मांग की गई थी। इसके अलावा इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट की शरण भी ली गई थी, लेकिन कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

अब सुनवाई के दौरान फिर मुस्लिम पक्ष ने यह मांग दोहराई, तो कोर्ट ने सभी पक्षकारों को वीडियो फुटेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस आदेश के बाद आने वाली सुनवाई में वीडियो फुटेज महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि इसी आधार पर दोनों पक्ष अपने दावे और तर्क मजबूत करेंगे।आपको बता दें कि 98 दिनों तक एएसआई ने भोजशाला में अलग-अलग तकनीकों से सर्वे किया है और 2000 पेज से अधिक की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की है। रिपोर्ट में खुदाई में मिले अवशेष और उन पर अंकित चित्रों के फोटो भी शामिल किए गए हैं।

## भीषण गर्मी का कहर

# प्यास से बेहाल वन्यजीव, इंदौर में बंदरों-नीलगाय का रेस्क्यू तेज





इंदौर ▪ निसं

दिनोदिन बढ़ते तापमान के चलते प्रचंड गर्मी के मौसम में प्यास और पानी की कमी बंदर सहित अन्य वन्यजीवों पर आफत बनकर टूट रही है। वन विभाग के अनुसार पानी की तलाश में बंदर जंगलों से गांव-शहर की बस्तियों तक जा पहुंचे हैं। पानी नहीं मिलने पर पेड़ की शाखाओं से प्यास के चलते चक्कर खाकर गिर रहे हैं।

कल शाम को वन विभाग ने अरबिंदो अस्पताल के पीछे पालिया गांव वालों की सूचना पर मौके पर पेड़ से नीचे गिरकर घायल हुए एक बंदर का रेस्क्यू कर कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय, मतलब चिड़ियाघर पहुंचाया। वन विभाग की रेस्क्यू टीम में शामिल तोताराम चौहान, अमन मालवीय और अमित तोमर ने 3 बंदरों के रेस्क्यू के बारे में बताया कि इसके पहले वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने देपालपुर के पास 2 बंदरों का भी रेस्क्यू किया, मगर इनमें से एक बंदर की पेड़ के ऊपर से नीचे गिरने के कारण मौके पर ही मौत हो गई थी, मगर दूसरे बंदर का चिड़ियाघर में इलाज कराया गया।

कुल 3 में से 2 बंदर स्वस्थ हैं। फॉरेस्ट रेंजर संगीता ठाकुर ने बताया कि गर्मी के चलते पानी की तलाश में बंदर ही नहीं नीलगाय सहित अन्य वन्यजीव भी जंगल छोड़कर इधर-उधर भटकते फिर रहे हैं।

## लेंसकार्ट ड्रेस कोड विवाद: वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन का इंदौर में प्रदर्शन, बहिष्कार का ऐलान

इंदौर ▪ निसं




लेंसकार्ट की ड्रेस कोड नीति को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मध्य प्रदेश ने इंदौर में कंपनी के शोरूम के बाहर प्रदर्शन करते हुए पूर्ण बहिष्कार का ऐलान किया। स्कीम-54 स्थित लेंसकार्ट शोरूम के बाहर हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें महिलाएं भी मौजूद रहीं। प्रदर्शनकारियों ने महिला कर्मचारियों को तिलक लगाया और कहा कि वे बिना किसी डर के अपने धार्मिक प्रतीकों के साथ काम करें। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने लेंसकार्ट के चश्मों का बहिष्कार करते हुए उन्हें तोड़कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में सिद्धेश्वर धाम के पीठाधीश्वर स्वामी अतुल आनंद महाराज भी मौजूद रहे और उन्होंने कंपनी की नीतियों का विरोध किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कंपनी की आंतरिक नीति में कर्मचारियों को बिंदी, तिलक और कलावा जैसे हिंदू धार्मिक प्रतीकों के उपयोग पर रोक लगाई गई है, जबकि हिजाब को अनुमति दी गई है। उन्होंने इसे धार्मिक भेदभाव बताते हुए कड़ा विरोध जताया।

## परदेशीपुरा में दर्दनाक घटना

# युवती का सुसाइड, आखिरी मैसेज 'खुश रहना' ने छोड़े कई सवाल

इंदौर ▪ निसं



इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक 21 साल की एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी, बताया जा रहा है कि आत्महत्या से ठीक पहले युवती ने अपने दोस्त को वीडियो कॉल किया था, लेकिन कॉल रिसीव न होने पर उसने एक आखिरी मैसेज 'खुश रहना' भेजा और फिर ये कदम उठा लिया।

दरअसल यह पूरा मामला इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के जनता क्वार्टर का है, जहां रहने वाली 21 वर्षीय नम्रता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, आत्महत्या से पहले नम्रता ने अपने एक युवक दोस्त को वीडियो कॉल किया था, लेकिन जब कॉल रिसीव नहीं हुआ तो उसने उसे 'खुश रहना' लिखकर मैसेज किया, जिसके कुछ ही देर बाद उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, घटना की सूचना मिलते ही परदेशीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## भागीरथपुरा पेयजल कांड: हाईकोर्ट सख्त, जांच आयोग को 14 जून तक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश


इंदौर ▪ निसं

इंदौर के चर्चित भागीरथपुरा पेयजल दूषित कांड को लेकर बुधवार को हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट के समक्ष जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा। हाईकोर्ट ने 14 जून तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। अगली सुनवाई 16 जून को होगी। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल के कारण 35 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार ने मृतकों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा दिया है। इस मामले में हाईकोर्ट में दो याचिकाएं लगी हैं। कोर्ट ने इस मामले में जांच आयोग गठित किया है। पिछली सुनवाइयों में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जवाब पेश हुआ था। उसमें 18 मौतें दूषित पेयजल के कारण स्वीकारी गई थीं। इसके अलावा एक जांच समिति ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसमें उन्होंने पेयजल लाइन में दूषित पानी मिलने व अन्य कारण बताए थे, लेकिन अभी तक इस मामले में गठित आयोग की तरफ से रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। आयोग भागीरथपुरा के प्रभावित परिवारों से साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कह चुका है।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग कनेक्शन की जांच तेज

# इंदौर फिरौती कांड में आरोपी राजपाल प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया, बड़े खुलासे के संकेत

इंदौर ▪ निसं



इंदौर में हाल ही में सामने आए करोड़ों की फिरौती के मामलों में अब बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है। क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैरी बॉक्सर के एक साथी राजपाल को खरगोन से प्रोडक्शन वारंट पर इंदौर लाया है, जिसमें पुलिस को शक है कि इन हाई-प्रोफाइल फिरौती मामलों के तार गैंग से जुड़े हो सकते हैं।

दरअसल, इंदौर में पिछले दिनों दो अलग-अलग मामलों में करोड़ों रुपये की फिरौती मांगी गई थी, जिसमें दो पार्टनरों से 10 करोड़ और एक उद्योगपति से 5 करोड़ रुपये की डिमांड की गई थी, खास बात यह रही कि ये फिरौती कॉल वीपीएन नंबर के जरिए किए गए थे, जिससे आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करना मुश्किल हो गया था, पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि इसी तरह का घटनाक्रम खरगोन में भी सामने आया था, जिसमें एक जैसा होने के चलते क्राइम ब्रांच को शक गहरा गया, इसी कड़ी को जोड़ने और पूरे नेटवर्क तक पहुंचने के लिए राजपाल को इंदौर लाया गया है।

## दुकानों से लेकर फ्लैट तक मची अफरा-तफरी

# शहर में आग का कहर : एक ही रात में 8 जगह आगजनी

इंदौर ▪ निसं

शहर में जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे आग लगने की घटनाएं भी बढ़ गई हैं। कल रात से आज सुबह तक आठ जगह आग लगने की घटनाएं हुईं। स्कीम 78 में पूजन सामग्री की दुकान एवं बाणगंगा में सुबह बैटरी की दुकान में आग लगी। मिली जानकारी के अनुसार कल रात 2 बजे के करीब स्कीम 78 पानी टंकी के पास स्थित शिवानी पिता सुरेंद्र पाठक की सांईनाथ फूल भंडार नामक पूजन सामग्री की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। बताया जा रहा है कि दुकान के पास ही विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ था। आग की चिंगारी दुकान पर गिरी, जिसने आग पकड़ ली। इस घटना में दुकान जलकर खाक हो गई।

मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने करीब 4.30 हजार लीटर पानी की मदद से आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय रहवासियों ने भी आग बुझाने में मदद की। इसी प्रकार देर रात नेहरू नगर स्थित अमृतधाम गेट के पास एक फ्लैट में आग लगने की सूचना पर दमकलकर्मी पहुंचे। हालांकि आग नीचे कचरे के ढेर में लगी थी, लेकिन धुआं फ्लैट तक पहुंच गया था। घटना के वक्त फ्लैट में एक महिला और उसका बच्चा सो रहे थे। शोर-शराबे की आवाज सुनकर वे जाग गए थे और सुरक्षित नीचे आ गए थे। कुछ देर के लिए यहां अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।



### धमाके के साथ फटी बैटरियां

आज सुबह 4 बजे बाणगंगा क्षेत्र की वृंदावन कॉलोनी में एक बैटरी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान में रखी कुछ बैटरियां धमाके से फट गईं। इस घटना में बैटरी के अलावा लैपटॉप, चार्जर, मशीन जली है। रंजन पिता रमाशंकर की यह दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई। फायरकर्मियों ने मौके पर जाकर 15000 लीटर पानी तथा 5 लीटर फोम का उपयोग कर आग पर नियंत्रण पाया। बंगाली चौराहे पर रात 3 बजे एक दुकान में आग लगने की घटना हुई। मौके पर कोई नहीं मिला, जिससे आकलन नहीं हो पाया कि दुकान किसकी है। सुबह-सुबह 60 फीट रोड पल्हर नगर में एक पंक्चर पकाने की दुकान में आग लग गई, जिससे दुकान में रखा सामान व पुराने टायर जल गए।

## संक्षिप्त समाचार

### मास्टर्स नेशनल टेबल टेनिस, महाराष्ट्र और गुजरात का दबदबा

**पुणे।** बालेवाड़ी इंडोर स्टेडियम में शुरू हुई 32वीं मास्टर्स नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप के शुरुआती दो दौर में मेजबान महाराष्ट्र और मजबूत दावेदार गुजरात ने अपने शानदार खेल से सभी को प्रभावित किया है। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न आयु वर्गों में कड़े मुकाबले देखने को मिले, जहाँ महाराष्ट्र की टीमों ने अपनी घरेलू परिस्थितियों का भरपूर लाभ उठाते हुए नॉकआउट चरण की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। पुरुषों के 80+ आयु वर्ग के ग्रुप-ए में कर्नाटक ने महाराष्ट्र पर 3-1 की जीत के साथ चौंकाया, वहीं ग्रुप-बी में गुजरात ने मध्य प्रदेश और दिल्ली को शिकस्त देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। 75+ श्रेणी में महाराष्ट्र ने अपना वर्चस्व कायम रखते हुए तेलंगाना और कर्नाटक को 3-0 के समान अंतर से पराजित किया।

### एमआई के पास अभी भी प्लेऑफ का अवसर: कोच जयवर्धने

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस क्रिकेट टीम के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा है कि उनकी टीम के पास अभी भी प्लेऑफ में जाने का अवसर है, इसलिए टीम अगले सात मैचों के लिए पूरी योजना के साथ उतरेगी। मुम्बई की टीम को आईपीएल में सात में से पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। कोच ने सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पंड्या जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के अलावा टीम के कई सदस्यों के टी20 विश्व कप में खेलने को लेकर हुई थकान की आशंकाओं को खराब प्रदर्शन का कारण नहीं माना है।

### जडेजा जैसा प्रदर्शन कर उत्साहित है अकील

**मुम्बई।** आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से शानदार प्रदर्शन कर रहे वेस्टइंडीज के अकील हुसैन आजकल बेहद खुश है। इसका कारण है कि वह अपने आदर्श रवींद्र जडेजा की जगह लेने में सफल होते जा रहे हैं। आज से 13 साल पहले अकील ने इच्छा जताई थी कि एक दिन वे भी अपने आदर्श की जडेज जैसे खिलाड़ी बनना चाहते हैं। उनका ये सपन इस बार सफल होता दिख रहा है। आईपीएल नीलामी में उन्हें सीएसके ने जडेजा के राजस्थान रॉयल्स जाने के कारण शामिल किया था। जडेजा के रॉयल्स में जाने के बाद टीम को एक बड़े ऑलराउंडर और बाएं हाथ के स्पिनर की जरुरत महसूस हो रही थी। इसी कारण अकील को जडेजा की जगह शामिल किया गया।

## ISSF Junior WC: शांभवी-दिव्यांशु ने रचा इतिहास,

# मिश्रित स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम जोड़ी शांभवी क्षीरसागर और दिव्यांशु देवांगन ने 499.9 के जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ गोल्ड मेडल को अपने नाम किया।

आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में भारत की झोली में चौथा गोल्ड मेडल आ गया है। 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम जोड़ी शांभवी क्षीरसागर और दिव्यांशु देवांगन ने 499.9 के जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ गोल्ड मेडल को अपने नाम किया।

इस जोड़ी ने इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 632.0 के साथ टॉप किया था। चीनी ताइपे की त्साई चीह-यिंग और चेन यू-एन ने 498.3 के साथ सिल्वर जीता, जबकि टिफेन पोम्स और गैसपार्ड लेसीयर की फ्रेंच जोड़ी ने 434.4 के साथ ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। जूनियर पुरुषों के 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल इवेंट में समीर ने क्वालिफाइंग राउंड में 573 के प्रयास के साथ फाइनल में जगह बनाई और वह दूसरे स्थान पर रहे।

फ्रांस के अर्नोद गामालेरी ने 589 पोस्ट करते हुए जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की और वह गोल्ड मेडल जीतने में सफल रहे। फाइनल में समीर सातवें स्थान पर रहे। उन्होंने आठ-सीरीज के फाइनल की पहली तीन पांच-शॉट सीरीज में सात हिट किए।

गामालेरी ने 29 हिट के साथ गोल्ड मेडल को अपने नाम किया। काहिरा जूनियर वर्ल्ड कप में भारत के अब कुल 12 मेडल हो गए हैं, जिसमें 4 गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।



भारतीय टीम मेडल टैली में शीर्ष पर मौजूद है। टूर्नामेंट का अंत होने में अभी दो दिन बचे हुए हैं।

इससे पहले गुरुवार को, प्राची गायकवाड़ ने जूनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) इवेंट जीतकर गोल्ड मेडल को अपने नाम किया था। प्राची ओलंपिक इंटरनेशनल सिटी शूटिंग रेंज में जूनियर महिला 3पी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली अकेली भारतीय थीं। प्राची ने टूर्नामेंट में भारत को दूसरा गोल्ड मेडल दिलाया था।

इससे पहले 21 अप्रैल को शिव नरवाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट जीतकर देश को पहला गोल्ड मेडल दिलाया था। वहीं, नारायण प्रणव ने फाइनल में 229.5 के स्कोर के साथ जूनियर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया था।

### अभय सिंह ने एलेइनिन को हराया, पहली बार पीएसए गोल्ड-लेवल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत के अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे ग्रासहॉपर कप स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व नंबर 13 अली अबू एलेइनिन को हराकर पहली बार पीएसए गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अभय दूसरे दौर के पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त एलेइनिन को 12-10, 11-9 से मात दी। वीर चोटरानी हैम्बर्ग स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, अभय-रमित और जोशना हुए बाहर स्नूकर टूर्नामेंट : आदित्य, आयुष, मनन और बृजेश सेमीफाइनल में पहुंचे।



### ऑस्ट्रेलिया पहुंचकर इलाज कर रहे कॉनोली

**चंडीगढ।** आईपीएल अंक तालिका में नंबर एक पर चल रही पंजाब किंग्स को बड़ा झटका लगा है। उसके बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनोली चोटिल हो गये हैं। कूपर कॉनोली पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौट गए हैं। कॉनोली ने खुद सोशल मीडिया के माध्यम से अपने प्रशंसकों को इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं और अपनी चोट का प्रबंधन कर रहे हैं पर साथ ही कहा कि जैसे ही वह फिट होने पंजाब की टीम से जुड़ जाएंगे। कॉनोली ने इस सत्र में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। जिससे उनकी कमी टीम को खलेगी। कॉनोली ने अपनी आक्रामक शैली और मैच जिताने की क्षमता का प्रदर्शन किया। पंजाब किंग्स के लिए, कॉनोली इस सीजन के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक बनकर उभरे थे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, जिसमें गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 72 रन की पारी रही है, जिसने टीम को एक कठिन लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। इसके अतिरिक्त, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ उनकी 87 रन की तेज पारी ने भी टीम को दबाव की स्थिति से निकालकर जीत दिलायी। पंजाब किंग्स ने मौजूदा सीजन में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 6 में से 5 मुकाबले जीते हैं और आत्मविश्वास से लबरेज होकर अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज हैं। कॉनोली जैसे प्रभावशाली ऑलराउंडर की अनुपस्थिति निश्चित रूप से टीम के संतुलन और रणनीति पर असर डालेगी। उनकी धमाकेदार बल्लेबाजी की कमी टीम को मध्य क्रम में महसूस हो सकती है, और उनकी जगह भरना कप्तान और टीम प्रबंधन के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

## जिला रैंकिंग टेबल टेनिस : मृदुल को दोहरी सफलता

# सिद्धिदा और नेहल भी बनीं चैम्पियन

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में अभय प्रशाल में आयोजित सत्र की प्रथम जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा के दूसरे दिन मृदुल पुरोहित का जबरदस्त दबदबा देखने को मिला। मृदुल ने शानदार खेल दिखाते हुए 15 वर्ष एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के दोनों खिताब अपने नाम कर दोहरी सफलता अर्जित की। वहीं, बालिका वर्ग में भी कड़े मुकाबलों के बीच अंडर-15 में सिद्धिदा जैन और अंडर-17 में नेहल नाहर चैंपियन बनीं। स्पर्धा के शेष वर्गों के फाइनल मुकाबले शनिवार को खेले जाएंगे।

बालक वर्ग के फाइनल मुकाबलों में मृदुल पुरोहित ने अपनी तकनीक और चपलता का लोहा मनवाया। उन्होंने अंडर-15 आयु वर्ग के खिताबी मुकाबले में मित मिरोट को सीधे सेटों में 3-0 से पराजित किया। इसके तुरंत बाद बालक अंडर-17 वर्ग के फाइनल में मृदुल ने साकार भार्गव के विरुद्ध कड़ा संघर्ष करते हुए 3-1 से जीत दर्ज कर



दूसरा स्वर्ण पदक झटक लिया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में मृदुल ने लक्ष्य भार्गव को 3-0 से और साकार भार्गव ने रक्षित चौकसे को 3-2 से हराकर फाइनल का सफर तय किया था।

बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबलों में भी रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। अंडर-15 आयु वर्ग में सिद्धिदा जैन ने सान्वी सिंघल की चुनौती को 3-1 से ध्वस्त कर खिताबी जीत दर्ज की। वहीं, अंडर-17 आयु वर्ग में नेहल नाहर ने आरवी जैन को 3-1 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इससे पहले सेमीफाइनल में आरवी जैन ने सिद्धी भदौरिया को 3-1 से और नेहल नाहर ने सिद्धिदा जैन को 3-0 से पराजित किया था।

स्पर्धा के अंडर-19 वर्ग की स्थिति भी स्पष्ट हो गई है। बालक सेमीफाइनल में लक्ष्य भार्गव ने सार्थक खरे को 3-1 से और मृदुल पुरोहित ने मित मिरोट को 3-1 से हराकर खिताबी भिड़ंत पक्की की। इसी तरह बालिका अंडर-19 वर्ग के अंतिम चार के मुकाबलों में नेहल नाहर ने आरवी जैन को 3-2 से मात दी, जबकि भाग्यश्री दवे ने सान्वी सिंघल को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## रोमांचक फाइनल में सोनी सुपर किंग्स को दी मात, ऑक्शन के जरिए चुनी गई थीं टीमें

# ईसीसी माहेश्वरी ने जीता आईएमएलसी सीजन-1 का खिताब

**भोपाल ■ निसं**

माहेश्वरी मीत एवं सह-आयोजक बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश में पहली बार आयोजित इंदौर माहेश्वरी लेदर चैंपियनशिप (आईएमएलसी) सीजन-1 का भव्य समापन हुआ। खिताबी मुकाबले में ईसीसी माहेश्वरी ने एक बेहद रोमांचक और कशमकश भरे मैच में सोनी सुपर किंग्स को पराजित कर प्रथम सीजन की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम की। खेल भावना और समाज की एकजुटता का प्रतीक बनी इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता ने अंतिम दिन तक रोमांच का स्तर बनाए रखा।

आयोजन समिति के नीरज जाखेटिया, निशित बियानी, अम्बर माहेश्वरी, आदित्य माहेश्वरी और मंगलेश राठी ने बताया कि इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने के लिए आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन प्रक्रिया अपनाई गई थी। देशभर से आए 18 से 50 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों के लिए



चार टीमों- ईसीसी माहेश्वरी, सोनी सुपर किंग्स, एमएनवाईसी मेवरिक्स और कलर चैंपियंस ने बोली लगाकर अपने स्कॉड तैयार किए थे। लेदर बॉल से खेले गए इस टूर्नामेंट में युवाओं के साथ-साथ अनुभवी खिलाड़ियों ने भी अपना दमखम दिखाया।

**प्रखर गादीया बने मैन ऑफ द सीरीज :** प्रतियोगिता के समापन अवसर पर व्यक्तिगत श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। भीलवाड़ा के प्रखर गादीया ने अपने शानदार खेल के बूते मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन के दोनों प्रमुख खिताब अपने नाम किए। वहीं, नासिक के यश विशाल जाजू को उनकी घातक गेंदबाजी के लिए बेस्ट बॉलर चुना गया। फील्डिंग के क्षेत्र में चित्तौड़गढ़ के विकास दाढ़ ने अपनी फुर्ती से बेस्ट फील्डर का पुरस्कार हासिल किया।



### प्लेसिंपल 3,150 करोड़ का आईपीओ लाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** स्वीडन की गेमिंग कंपनी मॉडर्न टाइम्स ग्रुप एमटीजी एबी की पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय अनुषंगी कंपनी प्लेसिंपल गेम्स लिमिटेड ने 3,150 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक के समक्ष मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार यह आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। निर्गम का आकार लगभग 3,150 करोड़ रुपये तक हो सकता है। अंतिम निर्गम आकार अनुमत सीमा के भीतर बदल सकता है और इसे पेशकश खुलने के करीब तय किया जाएगा।

### टेक दिग्गज मेटा करेगी बड़े पैमाने पर छंटनी

**मुंबई।** टेक दिग्गज मेटा एक बार फिर बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी में है। कंपनी अपने ग्लोबल वर्कफोर्स का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा, यानी करीब 8,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। यह फैसला 20 मई से लागू होगा और इसका मुख्य उद्देश्य कंपनी के खर्चों में कटौती करना तथा तेजी से बढ़ते आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेक्टर में अपने बड़े निवेश को संतुलित करना है। कंपनी की एक प्रमुख अधिकारी के एक आंतरिक मेमो से यह जानकारी मिली है।

## एसबीआई करेगा अगुवाई, वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं

# एआई के खतरों से निपटने के लिए साथ आएंगे बैंक

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि एआई से जुड़े नए खतरों से निपटने के लिए भारतीय बैंकों को पारंपरिक सुरक्षा से आगे बढ़कर मजबूत तैयारी करनी होगी। सरकार ने सभी बैंकों को मिलकर काम करने को कहा है और इस प्रयास का नेतृत्व एसबीआई करेगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों के प्रमुखों के साथ एआई से जुड़े जोखिमों पर बैठक के बाद कहा कि भारत के बैंक तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के कारण अब तक चुनौतियों और साइबर खतरों से निपटने में सक्षम रहे हैं, लेकिन अब उभरती नई तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक मजबूत व बहुआयामी तैयारी की जरूरत है।

एन्थ्रोपिक के नए एआई मॉडल मिथोस को लेकर चिंता: उन्होंने कहा कि भारत के बैंकिंग तंत्र ने अब तक खुद को सुरक्षित



और सक्षम साबित किया है, लेकिन मौजूदा हालात में पारंपरिक सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि मिथोस नाम से सामने आ रही नई चुनौती को लेकर अभी बहुत अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जा रहा है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस मामले में टेक कंपनियों, विभिन्न नियामक संस्थाओं और दुनिया भर की सरकारों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क में है, ताकि यह समझा जा सके कि यह चुनौती किस रूप में सामने आ सकती है और उससे निपटने के लिए कैसी तैयारी जरूरी होगी। सीतारमण ने कहा कि सभी बैंकों को मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। इस समन्वित प्रयास का नेतृत्व एसबीआई के चेयरमैन करेंगे। आने वाले हफ्तों में बैंकों के बीच लगातार बैठकों और विचार-विमर्श का दौर चलेगा।

वित्त मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब एक दिन पहले ही उन्होंने मिथोस एआई मॉडल से जुड़े अभूतपूर्व जोखिमों का जिक्र किया था। इससे पहले अप्रैल महीने की शुरुआत में वित्त मंत्री ने कहा था कि भारत की मजबूत राजकोषीय स्थिति और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के पास नीतिगत फैसलों में अधिक लचीलापन है।

### एआई का इस्तेमाल चुनौतियों का सामना करने के लिए भी किया जा सकता है

उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह एआई से नई चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उसी तरह एआई का इस्तेमाल इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए भी किया जाएगा। सरकार और बैंकिंग क्षेत्र मिलकर ऐसी रणनीति तैयार करेंगे, जिससे डिजिटल बैंकिंग प्रणाली को और सुरक्षित बनाया जा सके।

## नैशनल बर्न्स सेंटर ने बड़ी तादाद में लोगों से स्किन डोनेशन के लिए आगे आने और मरीज़ों की जान बचाने का किया आह्वान

**मुंबई ■ एजेंसी**

द नैशनल बर्न्स सेंटर ने हाल ही में देश भर में स्किन डोनेशन?की भारी कमी से जुड़े एक बेहद अहम पहलू को रेखांकित किया स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सेंटर सालों से स्किन डोनेशन को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है। इस मसले पर नैशनल बर्न्स सेंटर के डायरेक्टर और प्लास्टिक सर्जन डॉ। सुनील केसवानी ने स्किन डोनेशन और मरीज़ों की आवश्यकताओं की पूर्ती में भारी अंतर को लेकर लोगों में जागरुकता की कमी का विशेष रूप से उल्लेख किया। ग़ौरतलब है कि मुम्बई में स्किन बैंकों को हर साल आवश्यकता के उलट महज़ 25% स्किन डोनेशन ही हासिल हो पाता है। बता दें कि आग में झुलस जाने वाले



लगभग 70% मरीज़ों की उम्र 15 से 35 साल के बीच होती है। स्किन ट्रांसप्लांटेशन के अभाव के चलते मरीज़ों व उनके परिजनों पर इसके गहरे आर्थिक व भावुक परिणाम देखने को मिलते हैं।

उचित समय पर की जाने वाले स्किन ग्राफ्टिंग और सही चिकित्सा के चलते आग में झुलस जाने वाले मरीज़ों को कई तरह की जटिलताओं से बचाया जा सकता है और उचित तरीके से उनका पुनर्वास भी संभव होता है। उल्लेखनीय है कि स्किन डोनेशन का फ़ैसला किसी शख्स की मौत के 6 घंटे के भीतर किया जाना चाहिए। स्किन डोनेट करने के लिए दाता का स्थानीय स्किन बैंक के तहत पंजीकृत होना भी आवश्यक होता है।

### पीएनबी ने 18 करोड़ ग्राहकों को यूपीआई पर क्रेडिट सुविधा के विस्तार के लिए Ki2i से हाथ मिलाया

**मुंबई ■ एजेंसी**

भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने 18 करोड़ ग्राहकों को क्रेडिट-सक्षम यूपीआई भुगतान की सुविधा शुरू करने हेतु प्रमुख 'क्रेडिट ऑन यूपीआई' प्लेटफॉर्म 'कीवी' के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत, बैंक रुपे नेटवर्क पर पीएनबी कीवी क्रेडिट कार्ड' लॉन्च करेगा। यह कार्ड पूरी तरह से डिजिटल ऑनबोर्डिंग, निर्बाध यूपीआई एकीकरण और सभी लेनदेन पर 0.5% से 1.5% तक कैशबैक की विशेष सुविधा प्रदान करेगा, जिससे उपयोगकर्ताओं को क्रेडिट का सहज अनुभव मिलेगा।

इस साझेदारी पर अपने व्याख्यान में बैंक के, कार्यपालक निदेशक श्री बिभु प्रसाद महापात्र ने कहा कि 'भारत यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की वृद्धि के नेतृत्व में भारत डिजिटल भुगतान की ओर तेजी से बदलाव देख रहा है। हमारी 10,000 से अधिक शाखाओं-जिनमें से 60% अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हैं- के साथ हम कम सेवा वाले वर्गों तक औपचारिक ऋण (क्रेडिट) पहुँचाने के लिए मजबूत स्थिति में हैं। जैसे-जैसे रूपे क्रेडिट कार्ड की लोकप्रियता बढ़ रही है, कीवी के साथ हमारी साझेदारी वित्तीय लचीलापन बढ़ाने और रोजमर्रा की खर्च संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।' कीवी के सह-संस्थापक सिद्धार्थ मेहता ने कहा कि 'यह साझेदारी ग्राहकों के क्रेडिट अनुभव के तरीके को बदलने की हमारी यात्रा में देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक के विश्वास को दर्शाती है।

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय रायसेन**

क्रमांक/निविदा/2026-27/4921 रायसेन, दिनांक 21/04/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय रायसेन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में आगामी 03 वर्ष हेतु निम्न मदों मे ई-निविदाएं इच्छुक निविदाकारो से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ई-निविदा का विवरण |
|---|---|
| 1 | जिला चिकित्सालय रायसेन के अस्थि रोग विभाग मे समय समय पर लगने वाले आवश्यक आर्थोपेडिक इम्प्लांट्स व अन्य आवश्यक औषधि/सामग्री के कय हेतु। |

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र मे अंकित है। निविदा प्रपत्र राशि रू0 1,000/- (रू0 एक हजार मात्र) का ई-भुगतान कर आनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। यदि निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन होता है तो म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in अवलोकन किया जा सकता है। उक्त ई-निविदा की-डेट्स निम्नानुसार है।

**E-Tender Key Dates**

| Bid Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 27-04-2026, 11:00 AM |
| Document Download/Sale Start Date | 27-04-2026, 03:00 PM |
| Bid Submission Start Date | 27-04-2026, 05:00 PM |
| Pre Bid Meeting Date | 06-05-2026, 04:00 PM |
| Bid Submission Closing Date | 18-05-2026, 06:00 PM |
| Technical Bid Opening Date | 20-05-2026, 11:00 AM |
| Financial Bid Opening Date | As per committee decision |

G11980/26

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय रायसेन

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)**

ईमेल:- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष/फैक्स क्रमांक. 07482.222051

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./रायसेन/2025-26 रायसेन,दिनांक 21.04.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु.राशि (₹ लाख में) | रिमार्क। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_502326_1 | रायसेन | मजबूतीकरण कार्य। | हिरनिया से टिमरिया मार्ग का मजबूतीकरण कार्य। लम्बाई 3.20 कि.मी. | तृतीय | 162.25 | |
| 2 | 2026_PWDRB_502367_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण | [illegible] बी.टी. नवीनीकरण कार्य लम्बाई 13.50 कि.मी. | तृतीय | 158.22 | |
| 3 | 2026_PWDRB_502382_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य | प्रथम | 19.99 | |
| 4 | 2026_PWDRB_502394_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | रायसेन उपसंभाग अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | |
| 5 | 2026_PWDRB_502395_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | बेगमगंज उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन बेगमगंज के शासकीय गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | |
| 6 | 2026_PWDRB_502396_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | बेगमगंज उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन बेगमगंज के शासकीय आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | |
| 7 | 2026_PWDRB_502397_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | सिलवानी उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन सिलवानी के शासकीय आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | |
| 8 | 2026_PWDRB_502405_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | सिलवानी उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन सिलवानी के शासकीय गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | |
| 9 | 2026_PWDRB_502408_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | बरेली उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन बरेली के शासकीय आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | |
| 10 | 2026_PWDRB_502409_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | बरेली उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन बरेली के शासकीय गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | |
| 11 | 2026_PWDRB_502423_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | औबेदुल्लागंज उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन औबेदुल्लागंज के शासकीय गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | |
| 12 | 2026_PWDRB_502431_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | औबेदुल्लागंज उपसंभाग अन्तर्गत सेक्शन औबेदुल्लागंज के शासकीय आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | |
| 13 | 2026_PWDRB_502444_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | सिलवानी में एकल बाल विकास परियोजना कार्यालय (आंगनवाड़ी साह गोदाम) भवन की मरम्मत। | द्वितीय | 8.83 | |
| 14 | 2026_PWDRB_502451_1 | रायसेन | मरम्मत कार्य। | सिलवानी में एकल बाल विकास परियोजना (आवास सह कार्यालय) कार्यालय भवन की मरम्मत। | द्वितीय | 5.34 | |
| | | | | | | 534.54 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 08/05/2026, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G11983/26

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन
संभाग रायसेन



## इटारसी स्थित उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, श्रमिकों को प्रदान की फर्स्ट एड किट

# किसानों एवं श्रमिकों के लिए आवश्यक सुविधाएं की जाए सुनिश्चित : कलेक्टर

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को इटारसी स्थित गेहूं एवं चना उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के मानवीय दृष्टिकोण से श्रमिकों एवं किसानों में प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर मिश्रा ने इटारसी कृषि उपज मंडी के उपार्जन केंद्र पर कार्यरत हम्मालों एवं अपनी उपज बेचने आए किसानों को शीतल पेय उपलब्ध करवाया तथा अपने हाथों से मठा वितरित किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में ठंडा पानी एवं छांव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों और श्रमिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने उपार्जन प्रभारी को निर्देशित किया कि किसान अपने एसएमएस के अनुसार जिस दिन उपज लेकर पहुंचे, उसी दिन उनकी उपज की तुलाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को उपार्जित स्कंध का शीघ्र उठाव सुनिश्चित करने तथा परिवहन व्यवस्था में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का माल रिजेक्ट किया जाए, उन्हें स्पष्ट कारण बताया जाए और रिजेक्ट स्कंध की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर पंखा, छन्ना, ग्रेडर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसान अपनी उपज को बेहतर गुणवत्ता में तैयार कर सकें। कलेक्टर ने छोटे रकबे वाले किसानों की उपज की प्राथमिकता से खरीदी करने के निर्देश दिए तथा किसानों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही बड़े किसानों के लिए भी स्लॉट बुकिंग प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि उपार्जन कार्य में किसी प्रकार की समस्या आने पर किसान तत्काल एसडीएम, जेएसओ अथवा संबंधित एसएडीओ को सूचित करें, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा इटारसी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रैसलपुर स्थित दादाजी वेयरहाउस में संचालित गेहूं उपार्जन केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र पर उपस्थित किसानों एवं हम्मालों को भीषण गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से जलजीरा वितरित करवाया। कलेक्टर मिश्रा ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए उपार्जन कार्य में संलग्न श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों को फर्स्ट एड किट भी प्रदान की तथा निर्देशित किया कि केंद्र पर फर्स्ट एड बॉक्स की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु में सभी के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए शासन की नीति के अनुरूप ही उपार्जन कार्य संपादित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल एफएक्यू (FAQ) गुणवत्ता के स्कंद की ही खरीदी की जाए। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन उपार्जन केंद्रों पर समितियों द्वारा नॉन-एफएक्यू गेहूं की खरीदी की गई है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किया जाए।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि किसी भी स्थिति में किसानों को नुकसान नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए।



## कलेक्टर ने गुदावल और आमखेड़ा में उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

**रायसेन।** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा शुक्रवार को ग्राम गुदावल और आमखेड़ा में उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपार्जन प्रक्रिया, तुलाई कार्य, उपज की गुणवत्ता सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों तथा केन्द्र प्रभारी से अभी तक उपार्जित उपज की मात्रा, बारदाने की उपलब्धता, किसानों को राशि भुगतान आदि की जानकारी लेते हुए उपार्जन नीति के अनुरूप उपार्जन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को राशि भुगतान की कार्यवाही भी शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा किसानों से भी चर्चा कर उपार्जन कार्य और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान सहकारिता, कृषि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व मलेरिया दिवस 25 को आयोजित होंगी जागरूकता गतिविधियां

**रायसेन।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल 2026 को जिले में मलेरिया से बचाव हेतु नागरिकों को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगीं। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रियम्बदा गुप्ता ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस पर सभी विकासखण्ड और जिला स्तर पर मलेरिया से बचाव हेतु नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। बरेली, सुल्तानपुर और बेगमगंज में सीएचओ, सुपरवाईजर, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आशा कार्यकर्ताओं हेतु मलेरिया जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है। जिसमें मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के बारे में जानकारी दी जाएगी, जिससे कि ग्राम स्तर पर सघन लार्वा सर्वे, फीवर सर्वे, नारे लेखन आदि गतिविधियों के द्वारा लोगों को जागरूक करेंगे।

## शराब ठेकेदार के गुर्गों ने दूल्हे के दो भाइयों को तलवार और लाठी डंडों से पीटा

# परिजनों के साथ आम नागरिकों ने सागर मार्ग पर किया चक्का जाम

रायसेन ■ निसं

जिला मुख्यालय स्थित वार्ड क्रमांक 14 राहुल नगर में एक शराब ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा वहां के रहवासी दो भाइयों को घर में घुसकर जमकर मारपीट की जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए मारपीट करने के बाद शराब ठेकेदार के कर्मचारी मौके से भाग खड़े हुए इस मामले को लेकर शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद कॉलेज के सामने सागर मार्ग पर हरियाली पक्ष के परिजनों एवं आम नागरिकों द्वारा आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर लगभग 2 घंटे तक चक्का जाम कर दिया जिससे पूरी तरह से आवा गमन रुक रहा और मामला काफी देर तक चलता रहा हालांकि सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और चक्का जाम कर रहे लोगों को और परिजनों को समझाएं दी ।वहीं परिजनों का आरोप है कि बदमाशों के द्वारा फायरिंग भी की गई रायसेन शहर के वार्ड 14 राहुल नगर में गुरुवार शुक्रवार की रात करीब 1:30 बजे शराब ठेकेदार के गुर्गों ने जो कि दो बोलेरो से पहुंचे थे उन्होंने दूल्हे के भाई दिनेश और मुकेश रैकवार से पूछा यहां शराब कहां बिकती है जब उन्होंने मना किया तो उन्होंने बिना कुछ कहे दोनों भाइयों को बहरेमी से मारना पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने तलवार से



हमला किया जिससे दोनों के हाथों की उंगलिया कट गई और सर में गंभीर चोट आई है वहीं घटना से नाराज परिजनों एवं नागरिकों ने सागर रोड पर शासकीय उत्कृष्ट स्कूल के सामने चक्का जाम कर दिया परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची वही घायलों ने बंदूक की गोलियां भी चलाई । चक्का जाम की सूचना मिलते ही एसडीओ की प्रतिभा शर्मा,थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल मौके पर पहुंचे उनके द्वारा परिजनों को समझने की कोशिश की पर नाराज परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर पड़े हुए थे।



वहीं इसी क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा एक युवक का नाम आने पर कई युवाओं ने थाना कोतवाली के सामने विरोध जताया एवं कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर विरोध जताया।

## अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता: कलेक्टर



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

प्कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के पत्रकार बंधुओं के साथ परिचर्चा कर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सुशासन तथा नवाचारों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को सुदूर क्षेत्रों एवं अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। कलेक्टर ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि वे बेबाकी से अपनी बात रखें। प्रशासन का सदैव प्रयास रहेगा कि पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। उन्होंने जिले के सर्वांगीण विकास के लिए पत्रकारों से सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया।

परिचर्चा के दौरान कलेक्टर ने पत्रकारों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने बताया कि जिले में पर्यटन विकास के लिए कार्ययोजनाएं तैयार की जाएंगी, जिसमें पत्रकारों के सुझावों को भी महत्व दिया जाएगा। इसके साथ ही कृषि विकास एवं कृषि से संबंधित नवाचारों पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन एवं संभागीय जनसंपर्क अधिकारी रश्मि देशमुख सहित बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अंतर्गत जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न




रायसेन ■ निसं

अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा एएसपी कमलेश कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक में माह जनवरी 2026 से मार्च 2026 की अवधि में प्राप्त एवं निराकृत प्रकरणों तथा इसी अवधि में थानों में दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पीड़ितों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के लिए प्रकरणों की जांच में तेजी लाकर स्वीकृति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक सीपी सोनी ने माह जनवरी 2026 से मार्च 2026 की अवधि में प्राप्त तथा निराकृत प्रकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि अनुसूचित जाति अंतर्गत कुल 155 प्रकरणों में 104.85 लाख रू राशि वितरित की गई है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति के 68 प्रकरणों में 75 लाख रू की राशि स्वीकृत की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारी और समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जलाया विपक्षी पार्टियों का पुतला

# नारी के सम्मान में महिला शक्ति मैदान में के सड़कों पर गूंजे जयकारे

रायसेन ■ अमृत दर्शन

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी सुश्री राजो मालवीया की मौजूदगी में जिला कार्यालय से लेकर भोपाल रोड होते हुए थाना कोतवाली के सामने से होकर भोपाल सागर तिराहा तक रैली निकाली एवं नारेबाजी करते हुए विपक्षी कांग्रेस, एडीएमके, सपा आदि विपक्षी दलों का पुतला दहन किया ।इस मौके पर महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की ।इस दौरान महिलाएं नारे लगा रही थी कि नारी के सम्मान में महिला शक्ति मैदान में, कांग्रेस पार्टी एडीएमके,सपा विपक्षी दल मुर्दाबाद के नारे सड़कों पर गूंज रहे थे। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन की प्रभारी सुश्री राजो मालवीया ने



महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि नारी शक्ति को एकजुट होकर विपक्षी दलों को नारी शक्ति के अपमान का बदला लेने के लिए मैदान में उतरना होगा क्योंकि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने नारी शक्ति बंदन अधिनियम का विरोध किया है जो कि नारी शक्ति का घोर अपमान है, इस पूरे देश की महिला शक्ति कभी माफ नहीं करेंगे, उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी भारत की नारी शक्ति के लिए बहुत काम कर रहे हैं और महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हमारी केंद्र एवं प्रदेश की सरकार लगातार महिलाओं के हित में काम करते आ रही है परंतु विपक्षी दल जैसे कांग्रेस डीएमके,सपा आदि विरोधी दलों के लोग नहीं चाहते कि देश में नारी शक्ति को बराबर का अधिकार मिले और हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो ।

## अवैध शराब पर इटारसी पुलिस सख्त

# भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त करने में मिली सफलता

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

मुखबिर द्वारा थाना इटारसी में सूचना मिली कि एक सफेद रंग की टाटा कार में कुछ लोगो के द्वारा बैतूल मार्ग से होते हुए भारी मात्रा में अवैध रुप से शराब भरकर इटारसी में खपाने के उद्देश्य से लाई जा रही। जिसे तुंरत पहुँचकर पकड़ा जा सकता है। पूर्व में ही अवैध शराब को लेकर सख्ती करने



संबंधी पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम द्वारा दिए गए आदेश, श्रीमान अति.पु. अधीक्षक से प्राप्त निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी के मार्ग दर्शन में उक्त सूचना पर थाना इटारसी द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए टीम का गठन किया गया। गवाहो के साथ पथरोटा पुलिया के पास संदेहियो का इंतजार किया गया जो कि एक सफेद रंग की कार क्रमांक एम पी 04 सी डब्ल्यू 0952 की इटारसी की ओर आती नजर आई, कार चालक द्वारा पुलिस को देखकर कार को घाटली की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग की ओर मोड़ दी। परंतु पुलिस स्टाफ द्वारा उक्त कार को घेरकर पकड़ लिया गया। कार चालक से पूछताछ पर अपना नाम अब्दुल जाहिद अंसारी पिता अब्दुल अजीज उम्र 32 वर्ष निवासी भाट मोहल्ला इटारसी एवं बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम हेमंत राजपूत पिता प्रेमसिंह राजपूत उम्र 54 वर्ष निवासी गांधी नगर इटारसी का होना बताया, कार की तलाश लेने पर उसमें देसी, विदेसी शराब की कुल 26 पेटियाँ प्राप्त हुई। जिसमें शराब की मात्रा 241.200 लीटर होनी पाई गई। जिस पर पुलिस द्वारा कार सहित समस्त शराब जप्त कर ली गई है, जो कि कुल मशरुका 6,45,000/- रुपयो का जप्त हुआ है। आरोपियो द्वारा पूछताछ पर उक्त जप्तशुदा शराब संदीप मिहानी निवासी भाट मोहल्ला इटारसी की होनी बताई गई है, जिसे प्रकरण में आरोपी बनाया गया है, शेष आरोपी की पता तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में विशेष भूमिका थाना प्रभारी गौरव बुंदेला, उनि विपिन पाल, प्र. आर. मनमोहन अहिरवार, प्र. आर. रामनारायण, आर. महेन्द्र गुर्जर, आर. साकिर, आर. बंसत आर. अनिल पाल आर. अंकित गौर की रही।

## स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत गतिविधियां की जा रही संचालित

# आदमगढ़ नाले में तीन दिनों तक चली पोकलेन, नाले से गाद निकाली, झाड़िया हटाई

### वार्डों में दिया जा रहा स्वच्छता का संदेश

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नगरपालिका द्वारा नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चलते स्वच्छता अभियान तेज गति से चलाया जा रहा है। जहां नगर के प्रमुख नालों को साफ किया जा रहा है तो वहीं उसमें ऊगी झाड़ियों को भी साफ किया जा रहा है। जिससे नाला पूरी तरह साफ हो गया है।

प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी



पटले और स्वच्छता प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देशन में नगर में स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि नगर का प्रमुख आदमगढ़ नाला को साफ करने के लिए नगरपालिका स्वच्छता शाखा द्वारा तीन दिनों तक लगातार पोकलेन चलाई गई। जिसके चलते नाले में ऊगी झाड़ियों को हटाया तथा गाद के कारण नाला उथला हो गया था। गाद को निकालकर नाले का गहरीकरण किया गया। आदमगढ़ से लेकर भोपाल तिराहे के आगे तक गुरूवार देर रात तक पोकलेन की मदद से नाले को साफ किया गया।

वहीं नगरपालिका दूसरी स्वच्छता टीम वार्डों में स्वच्छता से संबंधित जनजागरूकता अभियान चला रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सेठानी घाट और कोरी घाट पर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान वार्ड 01 एवं 02 नगरपालिका एवं आईईसी टीम के सदस्यों द्वारा सेठानी घाट व कोरी घाट पर दुकानदार एवं दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को अमानक पॉलीथिन एवं शैंपू व साबुन का इस्तेमाल न करने की समझाइश दी गई। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर नागरिकों, दुकानदारों से आग्रह किया है कि नगरपालिका द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अपने आसपास स्वच्छता रखकर नपा का सहयोग करें। कचरा, कचरा वाहन में डालें। सड़क पर या खुले में कचरा न फैंकें।

## बम्होरी में जिला स्तरीय युवा संगम मेला सम्पन्न

# कम्पनियों द्वारा 65 युवाओं का किया गया प्राथमिकी चयन

रायसेन ■ अमृत दर्शन

जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ने सिलवानी विकासखण्ड के बम्होरी स्थित पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई और आजीविका मिशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस युवा संगम कार्यक्रम में में यशस्वी ग्रुप भोपाल, पुखराज हेल्थ केयर, होम हेल्प सेंटर, आईपीएस भोपाल, वर्ल्ड क्लास सर्विस भोपाल, सागर ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड तामोट, टेस्ला ग्रुप प्राइवेट



लिमिटेड, परिवर्तन ग्रुप भोपाल, क्रेडिट एक्सेस, पुखराज हेल्थ केयर भोपाल सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा सहभागिता कर मापदण्ड अनुसार हितग्राहियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में 167 पंजीयन हुए तथा 65 हितग्राहियों का प्राथमिक चयन किया गया। इस अवसर पर जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री आशुतोष गुप्ता, प्रबंधक सुश्री दीपशिखा, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। : संपादक- डी.पी.गोयल ।मो.9827054436, 9826735596. व्यवस्थापक: श्याम अग्रवाल, भोपाल कार्यालय : 4240007. फैक्स:0755-4296195 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा ।) ।